जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 145, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 21 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अग्निवीर: सेना में 1 जुलाई से होगा रजिस्ट्रेशन

### 8वीं पास भी अप्लाई कर सकेंगे, गाइडलाइन जारी, अग्निवीर सेना में एक अलग रैंक होगी, ये मौजूदा किसी रैंक के साथ नहीं होगी





**नई दिल्ली: वायुसेना के** बाद आर्मी ने भी अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती के लिए सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अग्निवीरों की भर्ती के लिए 1 जुलाई से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। नोटिफिकशन के मुताबिक इसमें 8वीं और 10वीं पास युवा अप्लाई कर सकते हैं। नोटिफिकेशन में योग्यता शर्तें, भर्ती प्रक्रिया, वेतन-भत्तों से लेकर सर्विस रूल्स तक का ब्योरा है। अग्निपथ योजना के तहत चार साल के लिए भर्ती किया जाएगा।

**इन ग्रेड्स में होगी भर्ती:** नोटिफिकेशन के मुताबिक, भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन जुलाई से कराए जा सकेंगे। सेना ने साफ किया कि अग्निवीर सेना में एक अलग रैंक होगी। ये मौजूदा किसी रैंक के साथ नहीं होगी। 5 ग्रेड में भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। ये ग्रेड हैं- अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेड्समैन(10वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)।

**भर्ती के लिए ये होंगी योग्यताएं:** जनरल पदों पर भर्ती के लिए कैंडिडेट को 10वीं में कम से कम 45% नंबरों के साथ पास होना जरूरी। टेक्निकल एविएशन और एम्यूनेशन पदों के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में 50% नंबरों के साथ 12वीं पास होना जरूरी। क्लर्क/ स्टोरकीपर पदों के लिए कैंडिडेट को किसी भी स्ट्रीम से न्यूनतम 60% नंबरों के साथ 12वीं पास होना जरूरी। अंग्रेजी और मैथ्स में 50% नंबर होने जरूरी। ट्रेड्समैन के पदों पर 10वीं और 8वीं पास की अलग-अलग भर्ती की जाएगी। सभी सब्जेक्ट्स में 33% नंबर कंपलसरी। सभी पदों पर नियुक्ति के लिए उम्र सीमा 17.5 साल से 23 साल निर्धारित की गई है।

### एनसीसी सर्टिफिकेट: मिलेंगे बोनस मार्क्स

**सेना** में भर्ती के लिए एनसीसी ए सर्टिफिकेट वाले कैंडिडेट को बोनस के रूप में 5 नंबर, एनसीसी बी सर्टिफिकेट वाले कैंडिडेट को 10 नंबर और एनसीसी सी सर्टिफिकेट वाले कैंडिडेट को 15 नंबर मिलेंगे। एनसीसी सी सर्टिफिकेट वाले कैंडिडेट को अग्निवीर जनरल ड्यूटी और क्लर्क/स्टोरकीपर पदों के लिए उएए (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) से छूट भी मिलेगी।

**सभी अग्निवीरों को 48 लाख का इंश्योरेंस कवर मिलेगा**

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ युवाओं के गुस्से को ठंडा करने के लिए गृह और रक्षा मंत्रालय ने आरक्षण देने का ऐलान किया है। शनिवार सुबह गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10% आरक्षण देने का फैसला लिया। इन्हें आयु सीमा में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान किया। इसके बाद शाम को रक्षा मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को अपने मंत्रालय में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया है। रक्षा मंत्रालय के इंडियन कोस्ट गार्ड और डिफेंस सिविलियन पोस्ट के साथ डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की 16 कंपनियों में भी नियुक्तियों में आरक्षण मिलेगा।

### अग्निपथ विरोध के बीच 80 से अधिक ट्रेन रद्द

## भारत बंद का नहीं दिखा असर

**नई दिल्ली/लखनऊ**

भारतीय सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

उत्तर रेलवे के अनुसार विभिन्न टर्मिनलों से पूर्व की ओर जाने वाली कुल 18 ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। रेलवे ने आगे बताया कि केंद्र की अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध के मद्देनजर दिल्ली की तरफ जाने वाली 71 यात्री ट्रेनें (वापसी सेवाओं सहित) को आज (20.06.2022) के लिए रद्द कर दिया गया।

**उत्तर प्रदेश में भारत बंद पूरी तरह से बेअसर**

लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, बलिया समेत उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में सोमवार को



भारत बंद पूरी तरह से बेअसर रहा। प्रदेश के सभी जिलों में सुबह से शाम तक सामान्य दिनों की तरह सभी दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहे। देर शाम तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं हैं। सैन्य भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में आहूत इस भारत बंद को कांग्रेस और वामपंथी संगठनों का समर्थन था। इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस सुबह से ही पूरी सतर्कता बरत रही थी। अधिकतर जिलों में संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के मुताबिक भारत बंद के मद्देनजर 141 कम्पनी पीएसी की और 10 कम्पनी अर्धसैनिक बल की तैनात रही। उन्होंने कहा कि प्रदेशस्तर पर छोटे-बड़े 39 मामले पंजीकृत किये गये हैं, 475 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं 330 लोगों को गम्भीर धाराओं में गिरफ्तार किया गया। आगे जो लोग सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले मिले हैं, उनसे वसूली भी की जाएगी।

## देश के विकास के लिए साइबर सुरक्षा जरूरी: शाह

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश के विकास के लिए साइबर सुरक्षित भारत का निर्माण बेहद महत्वपूर्ण है। आज के दौर में साइबर सुरक्षा के बिना भारत का विकास नहीं हो सकता है। यहां विज्ञान भवन में साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और तकनीक के इस्तेमाल को हर स्तर पर ले जाया गया है। प्रधानमंत्री का विजन है कि हर भारतीय को टेक्नोलॉजी और इंटरनेट के जरिए खुद को सशक्त




बनाना चाहिए। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कारण, हमारे जीवन में सशक्तिकरण और सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं । उन्होंने कहा कि साइबर तकनीकी की ही देन है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां से एक क्लिक करते हैं और 130 करोड़ भारतीयों को सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) उनके खाते में चुटकी बजाते पहुंच जाती है। किंतु, अगर यह हमारी उपलब्धि है तो चुनौती भी है। शाह ने कहा कि अगर साइबर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो यह ताकत हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती बन सकती है । उन्होंने कहा कि यदि कोई साइबर सुरक्षित भारत की कल्पना करता है, तो सबसे महत्वपूर्ण आधार जन जागरूकता है।

## बेंगलुरुवासियों के सपनों को 40 महीनों में करूंगा पूरा : मोदी

**बेंगलुरू: प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार बेंगलुरू को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए रेल, सड़क, मेट्रो, अंडरपास, फ्लाईओवर जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव माध्यमों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बेंगलुरू के उपनगरीय इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी उपायों की बात पिछले चार दशकों से चल रही थी और अब 'डबल इंजन' सरकार के साथ लोगों ने इन परियोजनाओं को पूरा करने का मौका मौजूदा सरकार को दिया है। प्रधानमंत्री ने परियोजना को समय पर पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि वह अगले 40 महीनों में बेंगलुरु के लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे जो पिछले 40 वर्षों से लंबित हैं। कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में सोमवार को 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया और आईआईएससी बेंगलुरु में बागची पार्थसारथी




मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होंने डॉ बी आर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (बेस) विश्वविद्यालय के एक नए परिसर का भी उद्घाटन किया और उनके परिसर में भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी हब के रूप में 150 आईटीआई के उन्नयन को भी समर्पित किया। इस अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी भी उपस्थित थे।

बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु के कोम्मघट्टा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में 5 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है और कोंकण रेलवे के शत प्रतिशत विद्युतीकरण के महत्वपूर्ण पड़ाव के हम साक्षी बने हैं। इन सभी परियोजनाओं से कर्नाटक के युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों को नई सुविधाएं और नए अवसर मिलेंगे।

## मूसेवाला मर्डर: शूटरों के मॉड्यूल हेड समेत तीन अरेस्ट

### शूटरों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ




**नई दिल्ली:** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शूटरों के मॉड्यूल हेड समेत तीन को गिरफ्तार किया है। शूटरों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। जिसमें ग्रेनेड, ग्रेनेड लांचर, पिस्टल आदि बरामद हुए हैं। पुलिस ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि आज से पहले भी इस मामले में गिरफ्तारी हुई है। स्पेशल सेल के लिए यह काफी चुनौतीपूर्ण काम था। घटना पंजाब में घटी थी, इस वजह से चुनौती अधिक थी। हमारी टीम का मकसद था कि जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, उन्हें जल्द पकड़ें।

## आज मैसूर पैलेस में योग करेंगे पीएम मोदी

**मैसूर:** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2022 के जश्न के लिए मैसूर स्थित मैसूर पैलेस ग्राउंड दुल्हन की तरह सज गया है। मैसूर में कर्नाटक सरकार और आयुष मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग दिवस का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम में आयुष मंत्री सबानंद सोणोवाल, कर्नाटक के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कई मंत्री, अधिकारी समेत पन्द्रह हजार लोग गवाह बनेंगे। 'मानवता के लिए योग' की थीम पर आधारित योग दिवस की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। योग के बाद प्रधानमंत्री लोगों को




संबोधित करेंगे। साथ ही गाउंड में लगी योग डिजिटल प्रदर्शनी और आयुष की प्रणालियों पर आधारित स्टैटिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस बार गार्जियन रिंग आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत देश के कोने-कोने के साथ 75 प्रतिष्ठित स्थानों पर योग होगा, जिसका नेतृत्व कैबिनेट मंत्री करेंगे।

## बीजेपी से हमारी विचारधारा की लड़ाई: गहलोत

**जयपुर:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी के कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के नारे पर तीखा हमला बोला है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के सत्याग्रह धरने में गहलोत ने कहा- पीएम मोदी और बीजेपी से हमारी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, हमारी विचारधारा की लड़ाई है। गहलोत ने कहा कि बीजेपी वाले हमें दुश्मन मानते हैं, कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बात कहते हैं। अरे, आप लोगों के बाप-दादा भी आ जाएंगे तो कांग्रेसमुक्त भारत नहीं बनने वाला है। देश में हर जगह कांग्रेस है, हर गांव में कांग्रेस की चौकी है। यह विचारधारा है, यह कभी मुक्त नहीं होगी। कांग्रेस की विचारधारा देश का डीएनए है।



**बीजेपी-आरएसएस ने करप्शन में आतंक मचा रखा है:** गहलोत ने कहा- ये संविधान-कानून से नहीं अपनी सोच से देश को चलाना चाहते हैं। इनकी सोच बहुत खतरनाक है, पता नहीं क्या-क्या सोच रखा है। आरएसएस-बीजेपी ने करप्शन में आतंक मचा रखा है। इनकम टैक्स, ईडी में आपके मिलने वाले कोई ?हों तो पूछना, देश में 10 गुना करप्शन बढ़ गया। ये लोग देश को लूट रहे हैं, इसीलिए लोकपाल की बात करना छोड़ दिया। ? राहुल गांधी से ईडी पूछताछ का विरोध कर रहे कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने और कांग्रेस मुख्यालय में पुलिस घुसने को लेकर भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।




### मुंह पर थूका, गालियां देकर पीटा, 2 नामजद समेत 14 पर केस

## लखनऊ: दलित डिलीवरी बॉय से खाना लेने से इनकार

**लखनऊ:** लखनऊ में शनिवार रात जोमैटो के डिलीवरी बॉय से खाना लेने से कस्टमर ने इंकार कर दिया। वजह थी कि डिलीवरी बॉय दलित था। आरोप है कि कस्टमर को जैसे ही डिलीवरी बॉय के दलित होने का पता चला, उन्होंने खाना लेने से इंकार कर दिया। सिर्फ यही नहीं, परिवार के लोगों के साथ मिलकर डिलीवरी बॉय की जमकर पिटाई भी की। मन नहीं भरा तो उसके मुंह पर थूक दिया। ये पूरी घटना आशियाना इलाके की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 2 नामजद, 12 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामला केवल मारपीट का है।

**नाम सुनते ही भड़क गया कस्टमर:**




आशियाना निवासी विनीत रावत जोमैटो में डिलीवरी बॉय है। शनिवार रात उसे आशियाना में ही अजय सिंह नाम के कस्टमर के यहां डिलीवरी देने के लिए भेजा। वो डिलीवरी लेकर पहुंचा। विनीत ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जैसे ही उसने अजय सिंह को अपना नाम विनीत रावत बताया, इस पर वह भड़क गए। उन्होंने गालियां देते हुए कहा- अब हम तुम लोगों का छुआ सामान लेंगे क्या? इस पर मैंने उनसे कहा, अगर आपको खाना नहीं लेना है तो कैंसिल कर दीजिए, पर गालियां मत दीजिए। इस पर, पहले तो उन्होंने खाने का पैकेट फेंक दिया, इसके बाद मुंह पर तंबाकू थूक दिया। जब विनीत ने विरोध किया तो अजय और उनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर उसकी डंडों से खूब पिटाई की। विनीत जैसे-तैसे वहां से भागे और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर बाद पहुंची डायल- 112 की टीम ने विनीत को उसकी गाड़ी दिलवाई और कहा कि थाने जाकर केस दर्ज करा दे।

## खबर संक्षेप

### झूंसी इंस्पेक्टर पर भाजपा नेता ने लगाया संगीन आरोप

#### आरोपियों द्वारा भी सुलह समझौते के लिए मिल रही है धमकी

**झूंसी।** भाजपा नेता अवधेश मौर्य ने वर्तमान झूंसी इंस्पेक्टर पर हत्या के प्रयास के मुकदमे में सुलह करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसएसपी अजय कुमार से शिकायत की तो एसएसपी ने मामले की जांच सीओ को सौपी। इसीपुर मलावा गांव निवासी भाजपा नेता अवधेश मौर्या पर पिछले वर्ष 26 अक्टूबर की रात पुरानी रंजिश के चलते गोली चली थी गोली अवधेश के पेट में लगी थी। मामले में मलावा के पूर्व प्रधान सहित 3 लोगो को आरोपी बनाया गया था। जिसमे सभी आरोपी फरार थे बाद में पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की तो सभी ने सरेंडर कर दिया। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी सुलह समझौते के लिए धमकी दे रहे है। भाजपा नेता ने बताया कि वह दो दिन पहले मुकदमे की पैरवी के लिए झूंसी थाने पर गया था जहां इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने भी उस पर सुलह समझौते का दबाव बनाने लगे। वही इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह का कहना है कि हमें मुकदमे के बारे में कोई जानकारी नही है जो भी आरोप है वह मनगढ़ंत व बेबुनियाद है।

# डीएम ने योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में की बैठक

## कार्यक्रम को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढ़ग से सम्पन्न कराये जाने के दिए निर्देश



योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक करते जिलाधिकारी



स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसएसपीि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस की तैयारियो के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। मुख्य कार्यक्रम संगम नोज पर आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी, मोबाइल टॉयलेट एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पार्किग एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है साथ ही साथ मार्गों एवं कार्यक्रम स्थल पर साइनेज लगाये जाने के लिए कहा हैं। उन्होंने संगम पर बैरिकेटिंग किये जाने के लिए भी कहा है, जिससे कि लोग गहरे पानी में न जायें। उन्होंने पर जल पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि नाव पर भी योगा कराये जाने की व्यवस्था की गयी हैं। उन्होंने नाव को सुसज्जित एव सुव्यवस्थित ढ़ग से उचित स्थान पर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया है। कार्यक्रम स्थल को 12 ब्लाको में विभाजित किया गया हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुबह 05.30 से 06.00 तक पहुंच कर अपना स्थान ग्रहण करने के लिए कहा गया है। उन्होंने पुलिस की भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम स्थल पर डाक्टरो की टीम के साथ एम्बुलेंस की भी व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है। साथ ही साथ उन्होंने वहॉ पर माइक की भी व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरी, सिटी मजिस्ट्रेट गौरव श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी ए0के0 मौर्या तथा अन्य सम्बन्धित विभागों अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसके पूर्व जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 21 जून, 2022 को आयोजित होने वाले आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की संगम नोज पर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए है।



राष्ट्र गौरव अवार्ड प्राप्त करते शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी।

## भारतेन्द्र त्रिपाठी राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित

**सहसों।** फूलपुर तहसील एवं विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा देवनहरी निवासी भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी को साहित्य,शिक्षा,समाजसेवा और रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भाव्या फांउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा राष्ट्र गौरव अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। रविवार को जयपुर में आयोजित भव्य अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी को यह अवार्ड प्रदान किया गया। दिल्ली से आए प्रख्यात पत्रकार पवन कुमार व लंदन से आयीं समाज सेविका डॉ परिन सोमानी के हाथों उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक शैलेश माथुर व निदेशक डॉ निशा माथुर ने प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर 11 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने उनके साहित्यिक व सामाजिक योगदान व सराहनीय कार्य की प्रशंसा किया। भारतेंद्र त्रिपाठी वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा, प्रयागराज में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं भारतेन्द्र त्रिपाठी इस युग के उभरते हुए युवा कवि भी हैं। जिनका हाल ही में काव्य संग्रह मेरा प्रतिबिंब बैंगलुरू से प्रकाशित हुआ है इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक साझा संग्रह में उनकी रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं। ऐसे में देश विदेश के समाचार पत्र व पत्रिकाओं में उनके लेख, कविता, कहानी, संस्मरण आदि प्रकाशित होते रहते हैं । वह सामाजिक कार्यों में भी हमेशा सक्रिय रहते हैं।? उन्होंने बारह बार स्वैच्छिक रक्तदान भी किया है और लोगों को इसके लिए प्रेरित भी करते रहते हैं। भारतेन्द्र त्रिपाठी को इंडियन बेस्टीज अवार्ड, युवा हस्ताक्षर पुरस्कार, श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान, काव्य श्री सम्मान, पर्यावरण मित्र सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, शब्द शिल्पी सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। उनके इस ससम्मानित होने से क्षेत्रीय लोगों में खुशी व्याप्त है।

# मैजिक ने बाइक को मारी टक्कर बहन की मौत,भाई घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के डेराबारी गांव के नजदीक सुपारी बाग के पास एक बाइक को पीछे से जा रही मैजिक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भाई बहन गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो को इलाज के सीएचसी शंकरगढ़ लेकर पहुंची ।जहां युवती ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र के परदवा गांव निवासी विनय द्विवेदी(25) अपनी बहन शिपू (21) को बाइक पर बैठाकर इलाज कराने के लिए लालापुर आया हुआ था । चिकित्सक से मिलने के बाद दोनो लालापुर स्थित मनकामेश्वर धाम दर्शन करने चले गए । दर्शन के बाद दोनो बाइक से घर के लिए निकले थे ।अभी उनकी बाइक डेराबारी गांव से पहले सुपारी बाग के सामने पहुंची थी कि पीछे से आये एक बेकाबू मैजिक ने टक्कर मार दी । मैजिक की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची जहां शिपू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और घायल विनय का इलाज शुरू किया । घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । घटना के बाद मैजिक चालक समेत फरार हो गई है।



घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विकास खंड जसरा में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकताओं द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाते हुए एआईकेएमएस के राष्ट्रीय महासचिव डा०आशीष मित्तल को कानपुर दंगे में भड़काऊ भाषण देने व प्रयागराज के अटाला दंगे में शामिल होने के दोनों मुकदमें झूठे लिखे जाने के साथ ही अग्नि पथ योजना को वापस लेने,ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर सरकारी सेवा में नियमित भर्ती करने के साथ ही विकास खंड अधिकारी जसरा डा० सपना अवस्थी को महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा।अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा प्रयागराज के जिलाध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा ने कहा कि हम सब मांग पत्र सौंप कर आग्रह करते हैं कि एआईकेएमएस के राष्ट्रीय महासचिव डा०आशीष मित्तल को कानपुर दंगे में भड़काऊ भाषण देने की नोटिस दिया गया। दूसरे दिन 10 जून को आशीष मित्तल एसीएम2 के कार्यालय पहुंच कर बांड भर रहे थे,उसी समय प्रयागराज के अटाला में दंगा हो गया। दंगे में पुलिस उन्हें शामिल कर उपरोक्त दोनों मुकदमों में साजिशन फंसाकर बदनाम किया जा रहा है। दूसरी मांग अग्नि पथ योजना के तहत देश भर में हो रहे आन्दोलन को रोकने व रोजगार में किए गये वादे को पूरा करें। इसी तरह मनरेगा मजदूरों को वर्ष भर के लिए काम दें,गांवों में कैम्प लगाकर आवास,शौचालय, वृद्धा, विधवा, दिब्यांग



पेंशन सभी पात्रों को दिया जाय,खडंजा, नाली,नयी बनाई गई सड़कों पर पानी निकासी हेतु पाइप तथा अधूरे पड़े काम को पूरा किया जाय। नदी,पहाड़ व तालाबों में जेसीबी की जगह मजदूरों को काम दिया जाय। स्वच्छ पेय जल योजना के तहत पानी की टंकी से पाइपलाइन ठीक कराकर पानी दिया जाय। बीडीओ जसरा ने ज्ञापन लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने को कहा है। इसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह चुस्त दुरुस्त रहा। कार्यक्रम का संचालन एआईकेएमएस प्रयागराज के महासचिव राजकुमार पथिक ने किया। इस अवसर पर एएसपी चिराग जैन,क्षेत्राधिकारी करछना राजेश यादव पूरी फोर्स के साथ पूरे समय मौजूद रहे। कार्यक्रम में का०भीमलाल, हीरालाल सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## न्यूज झरोखा

### योग करने से तन मन और शरीर स्वस्थ्य रहता है



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत हिंदूपुर प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षकों और छात्रों ने योगाभ्यास किया और योग से होने वाले लाभ से विस्तार पूर्वक उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को जानकारी दी इस मौके पर विद्यालय परिवार के अलावा गांव के गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहे फतेपुर ग्राम में पंचायत सहायक शुभम विश्वकर्मा की उपस्थिति में कराया गया योग साथ में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापिका , अध्यापक आदि लोगो ने किया योग।

### नैनी कोतवाली में शांति व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



**नैनी।** नैनी कोतवाली परिसर में एसडीएम करछना अमृता सिंह/ क्षेत्र अधिकारी करछना राजेश कुमार यादव नैनी थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा एस एस आई अजय कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र में अग्निपथ योजना के संदर्भ में उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में समन्वय,शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कोचिंग संचालक लॉज, सिविल डिफेंस और व्यापारी गण के साथ बैठक की गई। बैठक में एसडीएम ने सभी लोगों से अपील की क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी जगह अराजकता दिखे तो तुरंत ही डायल112 य उच्च अधिकारियों एवं नैनी थाना को सूचित करें। इस मौके पर नैनी थाना अंतर्गत समस्त चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### नैनी मे भारत बंद को लेकर प्रशासन रही अलर्ट



**नैनी।** सोमवार को भारत बंद और अग्नीपथ को लेकर नैनी पुलिस अलर्ट रही। नैनी स्टेशन स्टेशन, नैनी बाजार, शंकरढाल, काटन मिल, सरगम चौराहा, मेवालाल बगिया चौराहा, व अन्य चौराहों व स्टेशनों पर नैनी पुलिस शांति व्यवस्था एवं गस्त पर तैनात रही। आने-जाने संदिग्धों से पूछताछ करती रही हालांकि इस दौरान शांति व्यवस्था बनी रही ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी करछना राजेश यादव,नैनी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा व सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### डॉ अल्ताफ अहमद का कार्यकताओं ने किया स्वागत



**नैनी।** आम आदमी पार्टी प्रयागराज के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डाक्टर अल्ताफ अहमद का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया ।और उन्हें बधाई दी,कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। कार्यकताओं ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने दोबारा डॉक्टर अल्ताफ अहमद पर भरोसा जताया डॉक्टर अल्ताफ अहमद ने कार्यकताओं से आवाहन किया है कि अपने-अपने वार्डो की कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया पूरी करें ।जिससे जिले में नगर निगम एवं नगर पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ा जा सके।

### चोरी की बाइक के साथ चार को पकडा




**घूरपुर।** घूरपूर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चार बाइक चोरो को पकड़कर केस दर्ज करते हुए जेल भेजा है। घूरपूर थाना प्रभारी चिराग जैन को सोमवार की भोर में सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक बाइक के साथ क्षेत्र के इरादतगंज हवाई पट्टी स्थित स्टेज के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी ने करमा चौकी प्रभारी उमाशंकर व टीम को लेकर उक्त स्थल पर छपेमारी की तो मौजूद संदिग्ध भागने लगे । पुलिस टीम ने घेरकर चार लोगों को बाइक समेत पकड़ लिया । थाने ले आकर पूंछतांछ की गई तो बाइक चोरी की बताया । पुलिस की पूंछतांछ में मो शोहराब निवासी अटाला थाना खुल्दाबाद,अरुण कुमार कोटार निवासी बरेठिया थाना कौंधियारा,मो आर्यन उर्फ सुहैल निवासी जारी ,सतीश कुमार भारतीय निवासी मड़केंनी नैनी बताया है । पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### जलनिगम की दो मोटर-केबल चोरी

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में जलनिगम की दो मोटर व केबल को चोरों ने उड़ा दिया है। सुबह जानकारी पर लोगों ने जलनिगम के ठेकेदार को फोन पर जानकारी दी। ठेकेदार ने घूरपुर में लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है ।ग्राम पंचायत कांटी में जल जीवन मिशन के तहत जलनिगम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दो दिन पूर्व बोरिंग का कार्य किया गया। बोर में डालने के लिए दो मोटर मंगाई गई थी। गुरुवार की रात में ही चोरों ने कमरे में रखी दो मोटर दस हास्पावर व दो स्टाटर के साथ ही मोटी केबल जिसकी अनुमानित लागत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। सुबह ठेकेदार द्वारा घूरपुर पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### एक गांव में खेतों से मिट्टी निकाल पर दूसरे गांव में पेड काटने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में एक गाँव में खेत की गहराई तक मिट्टी निकाल लिया गया जबकि दूसरे गांव में सफेदा का पेड काट कर बेच लिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरायख्वाजा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद युसुफ का आरोप है कि उसके खेत से चोरी से गहराई तक मिट्टी निकाल कर बेच लिया गया। मना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मोहम्मद शकील ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद रफीक उर्फ बराती पुत्र जमालुद्दीन के खिलाफ चोरी और खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर ग्राम सरायबादशाह कुली निवासनीय उर्मिला देवी का आरोप है कि उसके जमीन पर लगे सफेदा के पेडों को दबंग ने चोरी से काट लिया। उर्मिला देवी ने मऊआइमा थाने में प्रताप बहादुर सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करा दी है ।

# राष्ट्रभावना जागृत कर अर्थ देनें का माध्यम है अग्निपथ

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** शीर्ष नेतृत्व राष्ट्र चिंतन करते हुए युवाओं मे राष्ट्रभावना जागृति करने हेतू अग्निपथ योजना लेकर आई है। युवाओं को राष्ट्र,समाज,परिवार के लिए कुछ करने का अवसर दिया है। अग्निपथ के माध्यम से युवाओं को अपने को सिद्ध करते हुए आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर है। युवा उसे खोए नही, अपनाएं और राष्ट्र को सशक्त बनाए उक्त बातें सोमवार को भाजपा जसरा मंडल के कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने कही। विशिष्ट अतिथि जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा मोदी-योगी के नेतृत्व में जिस प्रकार विकास हो रहा है। और जन-मानस मे भाजपा सरकार की लोकप्रियता बढ़ रही हैं। उससे विपक्ष अपने जनाधार को खोता देखकर कुछ वर्ग विशेष के उपद्रवियों और युवाओं को उकसाकर देश-प्रदेश के विकासवादी राष्ट्रवादी सरकार को बदनाम करने का जो षड़यंत्र रच रहा है। उसे हम आप सभी को विफल करने मे जुटना होगा।और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाकर फिर प्रचंड बहुमत से 2024 मे भाजपा की केन्द्र में सरकार बनाना होगा। जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा विगत 8 वर्षों मे आपको




चहुंओर विकास ही विकास दिख रहा होगा वह भाजपा की देन है। भाजपा का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को अपनाकर आगे बढ़ना होगा और योजनाओ का आमजन को लाभ दिलाना होगा। मंडल प्रभारी रंगवली पटेल ने कहा देश प्रदेश में जो स्वच्छता अभियान चलाकर और सरकारी योजनाओं से आम जन का विकास हुआ वह इससे पहले की सरकारों में कभी नही हुआ। मंडल कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला ने अतिथियों का अंगवस्त्रम भेंटकर सम्बोधन के माध्यम से स्वागत अभिनंदन करते हुए अग्रिम योजनाओं की वृस्तृत रूप रेखा की प्रस्तावना को रखकर कहा नौजवानों की भागीदारी अनुकरणीय है। हम सदैव मंडल कार्यसमिति के कार्यकताओं के साथ संगठन के निदेर्शों पर खरें उतरनें का प्रयास करूंगा और फिर मोदी सरकार बनाऊगा। इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला,चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, कमलेश त्रिपाठी, रंगवली पटेल आदि ने पं.दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए बंदे मातरम् गायन के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक मे अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया व कुशल संचालन मंडल

राष्ट्र निर्माण मे सक्रिय भूमिका निभाए युवां : चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी

भाजपा जसरा मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाक सभागार जसरा में 2024 के रणनीति के साथ सम्पन्न

कार्यसमिति बैठक मे मंडल अध्यक्ष ने रूपरेख रख अतिथियो का किया स्वागत

महामंत्री भूपेंद्र दत्त पाठक ने किया। बैठक मे पूर्व जिला उपाध्यक्ष शतेन्द्र प्रताप सिंह, जिलापंचायत सदस्य सुरेन्द्र पटेल, राजाबाबू पाठक,अनिल मिश्र, नरेंद्र मिश्र, शंकरलाल केसरवानी, आदि ने भी विचार रखें। इस अवसर पर सत्तन निषाद,सुषमा मौर्य, सुधांशु मिश्र, शंकर लाल गुप्ता, रामबाबू केसरवानी, आशीष सोनकर प्रधान जसरा,अशोक तिवारी, वीरेन्द्र पाठक,रवि साहू,राकेश पाठक,रावेन्द्र तिवारी,अवध विहारी,सुरेश मिश्रा,निधीश पाठक,आलोक द्विवेदी, रामजी त्रिपाठी, आकाश केसवानी, पवन द्ववेदी, देवराज पटेल, आदि के साथ भारी संख्या मे मंडल पदाधिकारी,मंडल कार्यसमिति सदस्य,शक्ति केन्द्र संयोजक,मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पानी के अभाव में पिछड़ रही धान की नर्सरी

## आधा जून बीतने के बाद भी नहर में नहीं छोड़ा गया पानी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** जून का आधा महीना बीत गया, लेकिन अभी तक क्षेत्रीय नहरों में पानी न दिए जाने से क्षेत्रीय किसान धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे हैं। धान की नर्सरी पिछड़ने से किसान काफी परेशान है। आषाढ़ का महीना शुरू हो गया है, इंद्रदेव की भी नजरें इनायत नहीं हो पाई. पानी नहीं मिलने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन नहर है। शंकरगढ़ क्षेत्र में अभी तक बरसात भी नहीं हुई है। इसके अलावा क्षेत्र के ज्यादातर तालाब सूखे हुए हैं। ले- देकर नहर ही एक मात्र माध्यम है, जिससे लोग खेतों में पानी भरकर धान की नर्सरी तैयार करते हैं, लेकिन जून महीना बीतने को है. क्षेत्र की दोनों प्रमुख नहरें, जिनमें टोंस पंप कैनाल तथा जमुना पंप कैनाल में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया। जिससे क्षेत्रीय किसान धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे हैं ।किसान गया प्रसाद सिंह, वीरेंद्र सिंह , विनय कुमार शुक्ला, विजय सिंह , ओम सिंह, रामनारायण आदि लोगों ने बताया कि शंकरगढ़ क्षेत्र में कोई नलकूप भी नहीं है। सिंचाई का एकमात्र साधन नहर ही है,



जिसमें अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया । हम लोग धान की नर्सरी डालने के लिए धान की बीज बाजार से खरीद कर रखे हुए हैं, लेकिन पानी के अभाव में धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यदि एक सप्ताह और धान की नर्सरी नहीं डाली गई तो धान की खेती पिछड़ जाएगी। इसका प्रभाव सीधे उत्पादन पर पड़ेगा, क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर क्षेत्र की दोनों प्रमुख नहरों में शीघ्र ही पानी छुड़वाने की मांग की है।

# प्रा.वि. में नही हुआ विधुतीकरण प्रधान की मांग, शिकायत

**रत्योंरा।** केन्द्र व प्रदेश सरकार भले ही जर्जर हालत में तार व विधुतीकरण को लेकर पूरा जोर दिया है कि प्रत्येक गाँव के विद्यायल में विजली पहुंचे जिससे पढ़ने वाले बच्चों व शिक्षक को गर्मी से निजात मिल सके। किन्तु विभागीय जिम्मेदारअधिकारियों की लापरवाही के चलते आज भी कोरांव क्षेत्र के विद्यालयों में विधुतीकरण न होने से ग्राम प्रधान ने तहसील दिवस व ऑनलाइन सीएम से शिकायत दर्ज कराया उसके बावजूद भी अधिकारियों के द्वारा हीलाहवाली करते चले आ रहे है ।मामला विकास खण्ड कोरांव के प्राथमिक विद्यालय दर्शनी गाँव का है जहाँ की गांव की बस्तियों में विधुतीकरण हुआ है ।किन्तु विद्यालय में विधुत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा स्कूल को वंचित कर दिया गया है ।जिससे उमस भरी गर्मी को लेकर बच्चों व शिक्षको को भुगतना पड़ रहा है ।प्रधान दिनेश कुमार यादव ने बताया कि तहसील दिवस पर कई बार विधुतीकरण विद्यालय में कराने के लिए शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के बदौलत अभी तक प्राथमिक विद्यालय में विजली नही पहुंची ।प्रधान ने बताया कि गाँव में बहुत पहले विधुतीकरण कार्य हुआ है और लाइट जल भी रही है लेकिन तार जर्जर हालत में हो गया है उसको भी जिम्मेदार द्वारा बदलाव व ठीक नही कराया जा रहा है ।जिससे जर्जर हालत में तार काफी नीचे झूक चुका है और किसी भी समय दुर्घटना घट सकती है ।उन्होंने कहा कि जहाँ से बच्चों की भविष्य बननी है वहाँ पर विभागीय अधिकारियों की तानाशाही की वजह से विजली का कार्य नही कराया जा रहा है सिर्फ झूठा अनुशासन अधिकारियों के द्वारा दिया जा रहा है ।जिम्मेदार अधिकारी इतना कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया करते है कि रिपोर्ट भेज दिया गया है आदेश आयेगा तो विद्यालय में विजली लग जायेगी। प्रधान ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराते हुए विद्यालय में विधुतीकरण करवाने की मांग की है जिससे स्कूल के बच्चों को गर्मी से निजात मिल सके।

# पिकअप व बाइक की आमने सामने भिड़ंत मां-बेटे की हुई मौत, मचा कोहराम

**पति समेत दुधमुहे 2 बच्चे हुए गंभीर रूप से घायल, पत्थर ताल गांव में शाम 7:30 बजे के आसपास हुआ हादसा**

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योंरा, प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के पथरताल गांव में सोमवार को सायं 7:30 बजे के आसपास बाइक व पिकअप की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने से मां और बेटे की मौके पर ही जहां दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में दो दुधमुहे बच्चे भी बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक बुद्धसेन आदिवासी पुत्र राम लल्लू निवासी गड़िया मुरलीपुर थाना कोरांव अपनी पत्नी गुंजन समेत तीन बच्चों क्रमशः अमित 6 वर्ष, आर्यन एक वर्ष एवं पूनम तीन वर्ष को लेकर बाइक से ससुराल सेमरी बाघराय जा रहा था अभी वह बाइक से पथरताल गांव पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुद्ध सेन की पत्नी गुंजन एवं बेटे अमित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को कारित करते हुए पिकअप चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में दाखिल कराया, जहां चिकित्सकों ने बुद्धसेन की पत्नी गुंजन एवं बेटे अमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि पति को प्रयागराज रेफर कर दिया। बेटी पूनम को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए। जिसके बाद पंचनामा की कार्रवाई करते हुए गुंजन व अमित के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




सीएचसी कोरांव में घायल बच्चों का इलाज करते ड्राक्टर

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुलालपुर गांव का रहने वाले एक युवक की तालाब में गिरने से मौत हो गई सोमवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकालकर पीएम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि युवक दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। मूल रूप से सोहबतियाबाग निवासी आनन्द कुमार 30 पुत्र रोशन लाल अपने ससुराल गुलालपुर में रहता था। जिसकी दिमागी हालात ठीक नहीं थी। रविवार की शाम वह घर से निकला था सोमवार की सुबह गांव के ही तालाब में उसका शव मिला। मृतक के ससुर रामनाथ ने मामले की सूचना झूंसी पुलिस को दी। वही आनन्द के मौत की खबर से परिजनों के साथ पत्नी विमला देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम कल

**सहसों।** उत्तर प्रदेश शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खण्ड सहसों एवं विकास खण्ड बहादुरपुर के चयनित जोड़ों का विवाह बुधवार 22 जून को दिन में 11बजे से 4 बजे तक छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में संपन्न होगा। उक्त जानकारी बीडीओ सहसो मनोज कुमार सिंह ने दी है।

## हाईकोर्ट ने 619 न्यायिक अधिकारियों का किया तबादला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात कुल 619 न्यायिक अधिकारियों का तबादला कर दिया है। उन सभी न्यायिक अधिकारियों के तबादले में कहा गया है कि इन्हें हर हाल में 4 जुलाई 2022 तक अपना चार्ज हैंड ओवर करना होगा। हाईकोर्ट द्वारा जारी तबादला की अधिसूचना में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के 285 न्यायिक अधिकारी, सिविल जज सीनियर डिविजन रैंक के 121 न्यायिक अधिकारी, सिविल जज जूनियर डिवीजन रैंक के 213 न्यायिक अधिकारियों के नाम शामिल है।अधिसूचना इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आशीष गर्ग की तरफ से जारी की गई है। यह अधिसूचना आज 20 जून 2022 को जारी की गई है। तबादले को लेकर जारी इस अधिसूचना में कहा गया है यह आदेश न्यायिक अधिकारियों द्वारा भेजे गए प्रत्यावेदन पर विचार करने के बाद ही निर्णय लिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### दो ट्रकों के बीच में दब कर ड्राइवर की हुई मौत



**बारा।** बारा थाना क्षेत्र स्थित सचिन ढाबा के पास ड्राइवर शिव कुमार 35 वर्ष पुत्र उमाशंकर निवासी दगवा थाना कौंधीयारा जनपद प्रयागराज का निवासी तथा पेशे से ड्राइवर है बीती रात 1 बजे शिवकुमार अपनी ट्रक सचिन ढाबा के पास खड़ी कर पीछे तिरपाल बांधने लगा तभी उसकी ट्रक पीछे की तरफ खिसकने लगी जब तक शिवकुमार समझ पाता उसकी गाड़ी पीछे खड़ी ट्रक से लड़ गई शिवकुमार दोनों के बीच में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई जानकारी मिलने पर बारा पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया ।

### लिफ्ट क्षतिग्रस्त होने से छात्र जख्मी, साथियों ने लगाया जाम



**प्रयागराज।** लिफ्ट क्षतिग्रस्त होने से साथी छात्र के घायल होने पर आक्रोशित छात्रों ने रविवार देर रात एमएनएनआईटी में जमकर हंगामा किया। छात्रों ने अव्यवस्था का आरोप लगाया और इसी को लेकर उनकी प्रबंधन के एक अफसर से नोकझोंक हो गई। इसके बाद छात्र कैंपस से निकलकर प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर धरने पर बैठ गए। घायल छात्र को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया है।बताया जा रहा है कि विवेकानंद हॉस्टल में रहने वाला एक छात्र लिफ्ट से ऊपर जा रहा था। इसी दौरान अचानक लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गई और छात्र नीचे आ गिरा। इससे उसके दोनों पैर टूट गए। हादसे के बाद शोरगुल मचा तो हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्र पहुंचे। सूचना पर प्रबंधन के अफसर भी आ गए। इसके बाद घायल छात्र को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया।उधर हादसे को लेकर आक्रोशित छात्रों ने प्रबंधन से शिकायत की, साथ ही आरोप लगाया कि कैंपस में व्याप्त अव्यवस्था के चलते यह हादसा हुआ। इस आरोप को लेकर उनकी एक अफसर से नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ने पर छात्र संस्थान के परिसर से बाहर आ गए और मुख्य द्वार के पास प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया। मौके पर शिवकुटी थाने की फोर्स और सीओ अजीत सिंह चौहान पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस अफसरों की छात्रों से बातचीत जारी थी।

### जंक्शन समेत सभी रेलवे स्टेशनों पर पहुंचे अफसर

**प्रयागराज।** सेना में भर्ती को लेकर रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा को लेकर सबसे ज्यादा माथापच्ची की जा रही है। प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, नैनी, संगम, रामबाग आदि स्टेशनों पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ा गए हैं। सोमवार को भी रेलवे अफसरों ने जंक्शन, संगम स्टेशन का दौरान का सुरक्षा और बढ़ा दी। आउटरों के पास भी जीआरपी और आपीएफ जवानों को मुस्तैद किया गया है।

### बिजली आपूर्ति पर आंधी और बारिश का असर

**प्रयागराज।** बीती रात को आंधी और बारिश से बेपटरी बिजली आपूर्ति सोमवार की सुबह तक सुचारू नहीं हो सकी। शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति लाइन को ठीक करने में विभागीय कर्मचारी लगे रहे। करेली के मरहबा पैलेस, गौस नगर, मुन्ना मस्जिद के आलावा तेलियरगंज के रसूलाबाद, मेहदौरी आदि क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित रही। कौड़िहार में 33 हजार केवीए के विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी की वजह से यहां से आपूर्ति ठप करते हुए विभाग को दूसरे फीडर से आपूर्ति करना पड़ रहा है।



न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रोमिला रस्तोगी कामर्स में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर शिप्रा को मिठाई खिलातीं।

## विद्यालय ने मेधवियो को किया सम्मानित

**झूंसी।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटर के नतीजे घोषित होने के बाद सोमवार को विद्यालयों में सभी सफल छात्र छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने सभी मेधवियो को बधाई दी गई। शान्ति नगर चक झूंसी स्थित सालिक राम जयसवाल इंटर कॉलेज की प्रबन्धक ममता जायसवाल ने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रभा निषाद, आशीष गौड़, सुजीत कुमार, साक्षी यादव को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य शिवदीप सिंह ने बताया की विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा 66 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम आये है। वही न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की 10वीं की शिप्रा श्रीवास्तव ने कॉमर्स विषय में 99 अंक अर्जित कर संपूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करके न केवल अपने विद्यालय का अपितु प्रयागराज जिले का नाम संपूर्ण उत्तर प्रदेश में रोशन किया। शिप्रा श्रीवास्तव की इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रोमिला रस्तोगी ने प्रतीक चिन्ह देकर शिप्रा श्रीवास्तव और प्रीति यादव को सम्मानित किया।

### छात्र छात्राओं ने अच्छा अंक पाकर विद्यालय का बढाया मान

**करछना।** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में करछना के गजरूप सिंह इंटर कॉलेज धरवारा में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करके विद्यालय समेत अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है ।कालेज के प्रबंधक दिनेश सिंह प्रधानाचार्य जगत नारायण पांडेय व व्यवस्थापक विवेक सिंह ने अच्छे अंकों में उत्तीर्ण 10वीं व 12वीं के सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है। जिसमें हाई स्कूल की परीक्षा में अभिषेक कुमार 89 % मनाली सोनकर 86 % पवन द्विवेदी 86% सतेंद्र जायसवाल 84 %सौरभ सिंह 83 % अंक हासिल किया है ।इसी प्रकार इंटर की परीक्षा में प्रांजलि द्विवेदी ने 81 %कनक तिवारी 79 % प्रिया सिंह 77 % दीक्षा प्रजापति 75 %व ज्योतिमा ने 74 % अंक अर्जित किया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती विद्यापीठ का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**जंघई।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने पर महर्षि दयानंद सरस्वती विद्यापीठ विद्यालय चनेथू का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें हाईस्कूल में आयुष बिंद 87% एवं नितेश दुबे 85% एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में शिवानी जायसवाल 80%, पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आकाश तिवारी, अंकिता मौर्य, आयुष पांडेय, कृष्णा मोदनवाल, दिव्यांश गुप्ता, विशाल यादव, सुमन सिंह, प्राची दुबे, वेद तिवारी, आंचल उपाध्याय, खुशी गौड़ आदि छात्र छात्राओं ने अच्छे अंकों से परीक्षा पास किया। प्रबंधक बृजकिशोर मिश्र, निदेशक पंकज कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य रामचन्द्र यादव, अध्यापक जगदंबा प्रसाद दुबे, सुशील मौर्य, सूरज सिंह, सूरज दुबे, आनंद तिवारी, सीमा ओझा, रागिनी यादव आदि शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### जीजीआईसी जसरा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा का परिणाम शत प्रतिशत आने पर विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्या ने छात्राओं,शिक्षकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं। राजकीय बालिका इंटर कालेज जसरा में हाईस्कूल में कुल 88 बच्चों ने परीक्षा में सम्मिलित हुई। जिसमें 98 प्रतिशत छात्राएं पास हुई। वहीं इंटरमीडिएट में 157 छात्राएं परीक्षा दीं। जिसमें विद्यालय के शत प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। हाई स्कल में शिवानी पटेल ने 91.83 अंक प्राप्त कर विद्यालय में अब्बल रहीं। वहीं प्रिया पांडेय 91.66,रिचा द्विवेदी 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह इंटर में मानविकी वर्ग में रत्ना सिंह पटेल 82.4,प्रतिमा बिंद 82 व निकिता पटेल ने 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### पांच लाख बेटियों का कन्यादान करेगी योगी सरकार

**प्रयागराज।** योगी सरकार आने वाले पांच सालों में पांच लाख श्रमिकों की बेटियों का कन्यादान करेगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दे दिए गए हैं कि वह रजिस्टर्ड श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए आवेदन कराएं और सूची तैयार करें। यह कहना है कि यूपी सरकार में श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री ठाकुर रघुराज सिंह का। उन्होंने सोमवार को प्रयागराज आने के दौरान दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में सरकार ने 2 लाख निर्धन बेटियों की शादी कराई थी। अगले पांच साल के लिए यह संख्या 5 लाख कर दी गई है। यानी हम खुद अपना रिकार्ड तोड़ेंगे।बोले मंत्री- अग्निपथ योजना युवाओं के हित में राज्यमंत्री ने बातचीत के दौरान कहा कि विपक्षियों द्वारा अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं को बहलाया-फुसलाया जा रहा है। युवाओं को ऐसे लोगों से दूर रहने की जरूरत है। हमारी सरकार युवाओं के साथ खड़ी थी और आगे भी उनके साथ खड़ी रहेगी। हम लोग भी युवाओं के बीच में जाकर उन्हें सही जानकारी देंगे, ताकि वह भ्रमित न हों।



रामकिशुन पटेल प्रबंधक

## रामकिशुन प्रबंधक व चंद्रशेखर बने अध्यक्ष

**हनुमानगंज।** श्री हनुमान शिक्षा समिति लाहुरपुर हनुमानगंज प्रबंध समिति चुनाव परिणाम रामकिशुन पटेल प्रबंधक अशोक कुमार सिंह सहायक प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह अध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह उपाध्यक्ष जबर सिंह कोषाध्यक्ष जिया राम सिंह लेखा परीक्षक इंद्रभान सिंह इंद्र बहादुर सिंह हंसराज सिंह राम कैलाश सिंह ओम प्रकाश रामप्यारे सिंह अभय राज सिंह अजायब सिंह सदस्य चुने गए सभी नए पदाधिकारियों का विद्यालय शिक्षकों ने शुभकामना दी है विद्यालय के नए प्रबंधक रामकिशुन पटेल ने पदा धिकारियों को शुभकामनाएं दी है।

# छात्रों के आंदोलन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट, बुलाई गई अतिरिक्त फोर्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अग्निपथ योजना को लेकर जिले में सोमवार को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर रेलवे व बस स्टेशन छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सभी जगह पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके अलावा हंडिया व फूलपुर (जहां विरोध प्रदर्शन प्रस्तावित है) में अतिरिक्त फोर्स के साथ ही पीएसी भी लगाई गई है। इन सबके अलावा चार कंपनी फोर्स को पुलिस लाइन में रिजर्व में रखा गया है। जिससे किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।देश के कई राज्यों में मचे बवाल को देखते हुए जिले में भी माहौल बिगड़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। यहां तैयारी करने वाले छात्रों की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है। उधर दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल एक मैसेज ने पुलिस अफसरों के होश उड़ा दिए। इस मैसेज में अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के लिए 20 जून को हंडिया में युवाओं से एकजुट होने की अपील की गई थी।इसी तरह एक मैसेज में फूलपुर में विरोध प्रदर्शन की बात लिखी थी। इसी के चलते पुलिस रविवार को तैयारियों में जुटी रही। प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सभी रेलवे और बस स्टेशनों को एक दिन पहले ही छावनी में तब्दील कर दिया गया। यहां संबंधित थानों की फोर्स को लगाया गया है। उधर हंडिया व फूलपुर में पीएसी को भी तैनात किया गया है। उधर चार कंपनी फोर्स को पुलिस लाइन में रिजर्व में रखा गया है। इस टीम को दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। छात्र बाहुल्य इलाके छावनी में तब्दील शहर के छात्र बाहुल्य इलाके बघाड़ा और सलोरी छावनी में तब्दील कर दिए गए हैं। यहां पर अफसरों ने डेरा डाल दिया है। हंडिया और फूलपुर में विशेष चौकसी की गई है। अग्निपथ बवाल मामले में प्रशासन अलर्ट है। कहीं पर ही छात्रों को एकत्र नहीं होने दिया जा रहा है। बवाल की आशंका को देखते हुए चप्पे चप्पे पर फोर्स तैनात की गई है। पुलिस अफसर भ्रमण पर हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। **इविवि के आसपास फोर्स तैनात** :अग्निपथ योजना के विरोध में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा बवाल की आशंका के मद्देनजर बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती कर दी गई है। खुफिया विभाग से मिले इनपुट के आधार पर अधिकारी सतर्क हो गए हैं। इविवि के छात्रों के द्वारा आंदोलन की तैयारी की सूचना मिली थी। इसके बाद फोर्स तैनात कर दिया गया है। छात्रों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।




## कार्यालय ग्राम पंचायत गौहनिया वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांकः ग्रा.पं.निविदा 2022-23 दिनांक 20.06.2022

ग्राम पंचायत गौहनिया विकास खण्ड जसरा में 14वां /15वां वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, स्वच्छता नाली/नाला निर्माण एवं मरम्मत,नाली /नाला पर चटिया ढलाई का कार्य, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प निर्माण /मरम्मत एवं रीवोर, ओपन जिम, इण्टरलाकिंग एवं मरम्मत, सोलर लाईट, ह्यूम पाइप, एंगिल गड़ारी, सफाई किट एवं कीटनाशक दवाएं, सेनेटाइजर एवं मास्क, स्ट्रीट लाईट, आगन बाड़ी केन्द्र, सीमेन्ट, सरिया, बालू, पुलिया एवं विद्यालय व पंचायत भवन में मरम्मत व सौन्दर्यी करण हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 21.06.2022 से 09.07.2022तक निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा 09.07.2022 को अपराह्न 12.00 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। निवदि‍ा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**शकुन्तला देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत गौहनिया
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अमरेश सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. गौहनिया
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मनकवार वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांकः ग्रा.पं.निविदा 2022-23 दिनांक 20.06.2022

ग्राम पंचायत मनकवार विकास खण्ड जसरा में 14वां /15वां वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, स्वच्छता नाली/नाला निर्माण एवं मरम्मत,नाली /नाला पर चटिया ढलाई का कार्य, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प निर्माण /मरम्मत एवं रीवोर, ओपन जिम, इण्टरलाकिंग एवं मरम्मत, सोलर लाईट, ह्यूम पाइप, एंगिल गड़ारी, सफाई किट एवं कीटनाशक दवाएं, सेनेटाइजर एवं मास्क, स्ट्रीट लाईट, आगन बाड़ी केन्द्र, सीमेन्ट, सरिया, बालू, पुलिया एवं विद्यालय व पंचायत भवन में मरम्मत व सौन्दर्यी करण हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 21.06.2022 से 09.07.2022तक निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा 09.07.2022 को अपराह्न 4.00 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। निवदि‍ा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**मंजीत सिंह**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत मनकवार
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अमरेश सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. मनकवार
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत घूरपुर वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांकः ग्रा.पं.निविदा 2022-23 दिनांक 20.06.2022

ग्राम पंचायत घूरपुर विकास खण्ड जसरा में 14वां /15वां वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, स्वच्छता नाली/नाला निर्माण एवं मरम्मत,नाली /नाला पर चटिया ढलाई का कार्य, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प निर्माण /मरम्मत एवं रीवोर, ओपन जिम, इण्टरलाकिंग एवं मरम्मत, सोलर लाईट, ह्यूम पाइप, एंगिल गड़ारी, सफाई किट एवं कीटनाशक दवाएं, सेनेटाइजर एवं मास्क, स्ट्रीट लाईट, आगन बाड़ी केन्द्र, सीमेन्ट, सरिया, बालू, पुलिया एवं विद्यालय व पंचायत भवन में मरम्मत व सौन्दर्यी करण हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 21.06.2022 से 09.07.2022तक निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा 09.07.2022 को अपराह्न 10.00 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। निवदि‍ा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**सीमा जायसवाल**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत घूरपुर
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अमरेश सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. घूरपुर
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत इरादतगंज वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांकः ग्रा.पं.निविदा 2022-23 दिनांक 20.06.2022

ग्राम पंचायत इरादतगंज विकास खण्ड जसरा में 14वां /15वां वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, बाउण्ड्री निर्माण, स्वच्छता नाली/नाला निर्माण एवं मरम्मत,नाली /नाला पर चटिया ढलाई का कार्य, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प निर्माण /मरम्मत एवं रीवोर, ओपन जिम, इण्टरलाकिंग एवं मरम्मत, सोलर लाईट, ह्यूम पाइप, एंगिल गड़ारी, सफाई किट एवं कीटनाशक दवाएं, सेनेटाइजर एवं मास्क, स्ट्रीट लाईट, आगन बाड़ी केन्द्र, सीमेन्ट, सरिया, बालू, पुलिया एवं विद्यालय व पंचायत भवन में मरम्मत व सौन्दर्यी करण हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 21.06.2022 से 09.07.2022तक निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा 09.07.2022 को अपराह्न 2.00 बजे उपस्थिति फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगा। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। निवदि‍ा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**देवेन्द्र प्रताप सिंह**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत इरादतगंज
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

**अमरेश सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. इरादतगंज
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण कर ऋण वितरित कराएं: डीएम

## डीएम ने डूडा शासी निकाय में योजनाओं के सम्बन्ध में की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में डूडा शासी निकाय में योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा बताया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रथम फेज में 3680 आवेदन बैंकों को प्रेषित किये गये थे जिसमें से 3452 आवेदकों को ऋण वितरित किया गया है, अभी तक 228 स्ट्रीट वेण्डरों के आवेदन बैंक स्तर पर लम्बित है। इसी तरह से द्वितीय फेज में 520 आवेदन किये गये है जिसमें से मात्र 140 स्ट्रीट वेण्डरों को बैंक द्वारा ऋण वितरित किया गया है।

बैठक में उपस्थित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धकों द्वारा ऋण स्वीकृत में विलम्ब किये जाने तथा सन्तोषजनक कारण न बता पाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देश दिया गया कि ऋण वितरण में लापरवाही बरतने वाले बैंक शाखा प्रबन्धक एवं उनके जिला समन्वयक के विरूद्ध राज्य स्तरीय बैंक समन्वय समिति (एस0एल0बी0सी0) एवं बैंक के उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। जिलाधिकारी ने सचेत किया कि सोमवार तक सभी लम्बित आवेदनों पर निर्णय कर ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। द्वितीय फेज में स्ट्रीट वेण्डरों के आवेदन बैंकों में कम मात्रा में प्रेषित किये जाने पर जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका/नगर पंचायत को सचेत किया कि जिन आवेदकों ने पूर्व में 10 हजार का ऋण प्राप्त कर बैंक को वापस कर दिया है ऐसे वेण्डरों के आवेदन बैंकों को 20 हजार तक ऋण हेतु प्रेरित कर प्रेषित करायें ताकि स्ट्रीट वेण्डर अपने व्यवसाय को बढ़ा सके जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। क्यूआर कोड की समीक्षा के समय बताया गया कि पीएम स्वनिधि के सभी वेण्डरों को बैंक शाखाओं द्वारा क्यूआर कोड उपलब्ध नही कराया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और सभी शाखा प्रबन्धकों को स्ट्रीट वेण्डरों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



शासी निकाय की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

प्रधानमंत्री शहरी आवास की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने डूडा के कर्मचारियों को निर्देशित किया जिन लाभार्थियों को आवास की द्वितीय किस्त निर्गत कर दी गयी है उन्हें प्रेरित कर आवास पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिन लाभार्थियों द्वारा धनराशि प्राप्त करने के बाद भी मकान पर छत नही डाली गयी है उन्हें नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत नगर निकायों में 26019 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है इन पर अभी तक अपेक्षित कार्यवाही न किये जाने तथा आवास लाभार्थियों के सर्वे हेतु नामित संस्था हाइटेक बिल्डर एवं स्नो फाउण्नटेन द्वारा अभी तक सूची में अंकित लाभार्थियों की जांच कर रिपोर्ट न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने दोनो संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि 15 दिनों में लम्बित आवेदन पत्रों की जांच कर सूची उपलब्ध करा दें। सुवंशा, रानीगंज, पृथ्वीगंज नगर पंचायतों में आवास के चयन में प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी रानीगंज तथा संस्था के प्रबन्धक को सचेत किया कि अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लायें अन्यथा संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, यदि एक भी अपात्र को आवास का आवंटन किया गया तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में अभी तक समूह गठन एवं गठित समूहों के क्रियाशील न किये जाने तथा डूडा द्वारा निर्माण कार्यो से सम्बन्धित अपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा पीओ डूडा को सचेत किया कि भविष्य में पूर्ण विवरण के साथ बैठक आयोजित की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, परियोजना अधिकारी डूडा जितेन्द्र पाल, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा मुदित सिंह व समस्त नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



रेलवे स्टेशन पर गश्त करती पुलिस।

## भारत बंद का बेल्हा में असर नहीं, व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे खुले

### रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत बंद का बेल्हा में कोई असर नहीं दिखाई दिया। रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वैसे प्रशासन भी अग्निपथ के आंदोलन को देखते हुए तैयारी कर रखी थी। पूरा रेलवे स्टेशन पुलिस छावनी में बदल गया था। प्लेटफार्म के अंदर और बाहर पुलिस बल बराबर गश्त करता रहा।

स्टेशन के बाहर फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी थी लेकिन भारत बंद करने वाले कहीं दूर दूर तक नहीं दिखाई दिये। रेलवे स्टेशन पर केवल यात्री व पुलिस ही दिखाई पड़ रहे थे। शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे और जनजीवन सामान्य रहा। सभी सरकारी व गैर सरकारी दफ्तर भी खुले रहे। जिला कचहरी में अधिवक्ता व वादकारी की भीड़ दिखाई दी। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बराबर रेलवे स्टेशन व नगर में दौरा करते रहे और अधिकारियों को निर्देश देते रहे।

# पुलिस लाइन में आज दो हजार लोग करेंगे योगा

### अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी, सांसद, विधायक कार्यक्रम में लेंगे भाग



पुलिस लाइन में साफ-सफाई करते सफाई कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व योग दिवस के लिये आज दिन भर तैयारी होती रही। वैसे तो योगा के बड़े कार्यक्रम पुलिस लाइन, अटल वाटिका व स्कूल कालेजों में आयोजित होंगे जिसकी तैयारी में आज दिन भर लोग जुटे रहे।

पुलिस लाइन में एक साथ दो हजार लोगों के योगा करने का आयोजन किया गया है। इसके लिये नगर पालिका तीन दिन से पूरे पुलिस लाइन की साफ-सफाई कर रही है। एक बड़ा मंच बनाया जा रहा है जहां से योगा के बारे में प्रशिक्षित जानकारी देंगे। योगा करने वालों की सुविधा के लिये पुलिस लाइन परिसर में पेयजल, नींबू का पानी तथा मोबाइल टायलेट की भी व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, सांसद, विधायक व व्यापारी शामिल होंगे। इसके लिये पुलिस लाइन को अच्छे ढंग से साफ-सुथरा किया गया है। पुलिस लाइन की व्यवस्था का आज मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने निरीक्षण किया।

उस समय उनके साथ अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीपीआरओ, नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

उधर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि प्रशासन के आमंत्रण पर सभी व्यापारी 21 जून को सुबह साढे.पांच बजे से सात बजे तक पुलिस लाइन मैदान में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन व्यापारियो से लगातार सम्पर्क बनाये हुए हैं। विगत 18 जून को संस्कार गार्डेन में व्यापारियों ने विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल के साथ सीडीओ ईशा प्रिया ने योगा में भाग लिया था। जिला व्यापार मण्डल सभी मातृशक्तियों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, गुड मार्निंग योगा क्लब के प्रति आभार व्यक्त करता है जो इस विश्वस्तरीय कार्यक्रम में सहयोग कर रहा है।

## आरोग्य मेलों में 4520 लोगों ने किया योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अमृत योग सप्ताहएवं अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजत आरोग्य मेला में 4520 लोगों ने योगाभ्यास किया। इसके अलावा माँ बेल्हा देवी मन्दिर पर भी लोगों द्वारा योगाभ्यास किया गया जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के महत्व के विषय में जानकारी दी गयी। योग प्रशिक्षकों द्वारा भुजंगासन, मकरासन, भद्रासन, त्रिकोण आसन, ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान आदि का योगाभ्यास करवाया गया। अमृत योग सप्ताह में प्रशिक्षकों द्वारा समाज के विभिन्न आयु वर्ग के युवा, महिला, सरकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी, स्वयं सेवी संगठनों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# इन्टरनेशनल खिलाड़ी का स्टेशन पर कर्मियों ने किया स्वागत

## पंद्रह सौ मीटर में रेस में प्रियंका को मिला प्रथम स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देश नेपाल के पोखरा में आयोजित आठवीं इंटरनेशनल इंडो नेपाल गेम्स एंड स्पोर्ट्स में इंडियन गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन की तरफ से प्रतिभाग करने गई स्टेडियम की महिला एथलेटिक खिलाड़ी प्रियंका देवी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने पंद्रह सौ मीटर की दौड़ 4.47 मिनट में जीत कर रिकार्ड बनाया।

सोमवार को ट्रेन से प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंची प्रियंका का रेल कर्मियों ने जोर-शोर से स्वागत किया। मिठाई खिलाकर उसका मुंह मीठा कराया गया। प्रियंका ने बताया कि नेपाल में 11 से 14 जून के बीच खेल प्रतियोगिता हुई थी। उसने बताया कि उसका घर अमेठी के मगरा गांव में है। जोगापुर में उसके मामा रिंकू का घर है। पिता उदयराज गुजरात में ट्रक ड्राइवर है। खेल की प्रेरणा उसके बाबा शीतला प्रसाद से मिली। चार भाई बहनों में वह सबसे बड़ी है। स्टेडियम में प्रैक्टिस करती हैं। आदर्श प्रताप सिंह उसके कोच हैं। स्टेशन पर टिकट बनाने में सहयोग करने वाले टीएनसी गोविंद और आरक्षण कर्मी बबिता पांडेय से मिली। एसएस मोहम्मद शमीम और आरपीएफ इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा की अगुवाई में रेल कर्मियों ने ताली बजाकर स्वागत किया मुंह मीठा कराया इससे प्रियंका काफी खुश नजर आई। इस मौके पर एमके सरोज, पार्सल बाबू भरत यादव,एमके कश्यप समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।



प्रियंका का मुंह मीठा कराकर स्वागत करते रेल कर्मचारी।



छात्रा को सम्मानित करते पवन विश्वकर्मा।

## इंटर कालेज सुन्दरगंज की टापर छात्रा को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** सक्सेज पावर क्लासेज बाघराय के तत्वावधान में आर यस बी इंटर कालेज सुन्दरगंज की टापर छात्रा सुहानी गुप्ता पुत्री हरिशंकर गुप्ता निवासी मंलावाछजईपुर को सक्सेज पावर क्लासेज के निवेशक पवन विश्वकर्मा ने रेंजर साइकिल टाफी मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद यस आई बाघराय सचिन पटेल ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। हाई स्कूल के छात्र व छात्राओं में आशीष विश्वकर्मा लक्ष्मी सरोज पूजा विश्वकर्मा सुहानी गुप्ता अरुण मिश्रा विनीत सरोज पल्लवी सरोज एवं इंटरमीडिएट के सलोनी मिश्रा अलका यादव आरती सिंह मुस्कान यादव मनीषा यादव को सक्सेज पावर क्लासेज की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बिक्कू सिंह, अंशू यादव, शिक्षक आरपी राकेश धुरिया रामाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के तिवारी महमदपुर गांव में सड़क के किनारे रहस्यमय परिस्थितियों में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के दरोगा महरानीदीन यादव व बीट प्रभारी शारदा प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को पशु चिकित्सालय बाघराय ले आए जहां डॉक्टरों ने मोर को मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शकरदहा के जंगल मे अंतिम संस्कार कर दिया। राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# ये भारत है यहां की दोस्तों मिटटी मे खुशबू है

## उत्तराखण्ड श्रद्धालुओं की स्मृति में कवि सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रीयता का सुर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्तराखण्ड में हुई त्रासदी के श्रद्धालुओं की पुण्य स्मृति में क्षेत्र के रायपुर तियाई स्थित अमन विहार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक साहित्यकार एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव तथा वरिष्ठ कवि आचार्य अनीस देहाती ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

रायबरेली के कवि खलील फरीदी ने पढ़ा-यहां के फूल कांटे क्या हर एक पत्ती मे खुशबू है, ये भारत है यहां की दोस्तों मिटटी मे खुशबू है पर श्रोताओं की जमकर तालियां गूंजी। नवोदित कवि कौस्तुभ राज ने भी तू पहले खुद को ढूंढ फिर दुनिया तुझे ढूंढेगी की रचना से भी जन चेतना जागृत करते दिखे। रायबरेली के ही श्याम मनमौजी की पंक्तियां यह दिन था जो आप सब पर आ जाता है भी सराही गयी। लालमणि की रचना लेखनी तू लेख लिख तू लेखनी है को भी जबरदस्त समर्थन नजर आया। संयोजक कवि रामलगन यादव आशीष ने पढ़ा-कोई भूखा पियासा न नंगा रहे, न कभी देश मे फिर दंगा रहे। सांस टूटे कभी जब हमारी प्रभो, तब मेरे हाथ मेरा तिरंगा रहे को भी सुनकर श्रोता राष्ट्रीयता की रंगत में झूम उठे। अध्यक्षीय कवि आचार्य अनीस देहाती की यह पंक्तियां मैं तो कहता हूं इंसानियत का हामी जो, धीर की वीर की बांके कबीर की दुनिया पर भी तालियां बजी। वहीं नरेन्द्र निराश, सत्येंद्र सिंह सौम्य, सुरेश अकेला, फैयाज परवारा, डा. अम्बिकेश त्रिपाठी की भी रचनाएं ने कवि सम्मेलन को ऊंचाईयां प्रदान करती दिखी। कार्यक्रम में सपा नेता रामधन यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता कालिका प्रसाद पाण्डेय, प्रवीण यादव, राजेश कुमार वर्मा, बाबूलाल सरोज, पारसनाथ सरोज ने अपने संबोधन मे उत्तराखण्ड त्रासदी में मृतक श्रद्धालुओं को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रारम्भ मे प्रधान ओमप्रकाश यादव ने स्वागत भाषण तथा बीडीसी ज्ञानप्रकाश वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश कुमार वर्मा, राकेश पाण्डेय, सुभाषचंद्र यादव, सुरेश यादव, हनुमत सिंह, कामता प्रकाश यादव, संतोष भारती, अजीत यादव, राम बहादुर यादव आदि रहे।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


**प्रतापगढ़।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जनपद के थाना रानीगंज से उ0नि0 महेश कुमार जायसवाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0नं0 462/21 धारा 323, 504, 506, 307, 384, 34 भादवि में वारण्टी अभियुक्त सुरेश पुत्र जवाहर लाल निवासी केसवापुर, आमापुर बेर्रा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। जनपद के थाना कोहँडौर से उ0नि0 रवि चैधरी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को मदाफुर पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बड़े हादसे का कर रही इंतजार कुसुमी रेलवे क्रासिंग

### विभाग के आला अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रशासनिक अनदेखी के चलते प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग नगर कोतवाली क्षेत्र भुपियामऊ चैकी अंतर्गत कुसमी रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों तरफ कदम कदम पर तालाब के स्वरूप बने गड्ढे आए दिन दुर्घटना का दावत दे रहे हैं, जिससे आए दिन यहां लोगों के साथ दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं।



कुसुमी रेलवे क्रासिंग पर बड़े-बड़े गड्ढे से गुजरते वाहन।

वाहनों का चलना दुश्वार हो गया है। कई महीनों से बड़े-बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। बड़े छोटे सभी वाहनों के चालक व राहगीर मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। आलम यह है कि यह लापरवाही कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि भारी वाहनों के पहिए इसमें समा जाते हैं और आए दिन वाहन खराब हो जाते हैं जिससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बरसात में राहगीरों का होगी। बारिश के कारण गड्ढों से गुजरते समय लोग हादसे का शिकार हो सकते हैं। इससे बस, ट्रक, ऑटो आदि वाहन गड्ढे में फंस जा रहे हैं। यदि समय रहते महकमे के जिम्मेदार अधिकारी नहीं चेते तो किसी बड़े हादसे की घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिले के एक से बढ़कर एक दिग्गज नेताओ का भी इसी रेलवे क्रॉसिंग से लगा रहता है आना जाना! फिर भी रोड की स्थिति ना देखते हुए आगे की ओर आंख बंद कर गुजर जाते हैं। जनप्रतिनिधि से लेकर विभाग के अधिकारियों तक इस ओर ध्यान देने की फुर्सत नही है। अभी तक कई घटनाएं घट चुकी है जिस पर प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। किसी भी समय किसी भी प्रकार की बड़ी दुर्घटना घट सकती है।



आग से बचाव की जानकारी करते फायर बिग्रेड कर्मी।

## श्याम बिहारी गली में आग से बचाव की दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के श्याम बिहारी गली में आज फायर ब्रिगेड के लोगों ने घर-घर जाकर गैस सिलेण्डर के लीकेज के बारे में सजग किया और आग बुझाने के गुर बताए। बता दें कि कुछ दिनों पहले श्याम बिहारी गली में भीषण आग लगी थी जिसमें कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान हुआ था। आज फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने श्याम बिहारी गली के लोगो को सचेत किया कि इसके बचाव के लिये सदैव सजग रहें। आगजनी की कोई घटना होने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित करें और आग को फैलने से बचाने के लिये त्वरित करने के उपाय की जानकारी दी।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के लोसनापुर गांव में अमृतलाल एवं ओमप्रकाश के बीच लंबे अरसे से जमीनी विवाद चला रहा है। अभी लगभग तीन बजे के करीब अमृतलाल कुछ लोगों के साथ आ रहे थे तभी ओम प्रकाश भागकर धीरेंद्र के घर में घुस गया। अमृतलाल एवं ओमप्रकाश के बीच जमकर मारपीट होने लगी मारपीट में एक पक्ष से ओम प्रकाश 35 वर्ष पुत्र बंशीलाल एवं रीता देवी 45 वर्ष पत्नी धीरेंद्र एवं सपना 18 वर्ष पुत्री धीरेंद्र एवं शवनम 15 वर्ष पुत्री धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सीएचसी बाघराय लाया गया जहां इलाज चल रहा है जबकि धीरेंद्र भट्टे पर मजदूरी करने गया हुआ है बताया गया है कि दूसरा पक्ष मौके से फरार हो गया दूसरे बच्चे को किसी प्रकार से चोट नहीं लगी है मौके पर पुलिस पहुंच गई है। मामले की जांच में जुट गई है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### जनपद स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन स्पोटर्स स्टेडियम में

**कौशाम्बी।** 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-21 जून 2022 के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर जनसहभागिता के माध्यम से पूरे उत्साह के साथ योग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। जनपद स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन स्पोटर्स स्टेडियम, टेंवा में प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक किया जायेंगा, जिसमें सांसद विनोद सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही गणमान्य लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम-मानवता के लिए योग है। शासन द्वारा योग कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा सुभाष शर्मा को नामित किया गया है मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को जनपद के सभी विद्यालयों उप मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रां तथा हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर योग कार्यक्रम का आयोजन कराने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही उन्होने सभी विकास खण्डों सहित अन्य स्थानों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये है।

# ई रिक्शा में चार पहिया ने मारी टक्कर एक की हुई मौत एक लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टेवा पुलिस चौकी अंतर्गत स्टेट बैंक के पास सवारी लेकर जा रहे एक ई-रिक्शा में तेज गति चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी है जिससे ई रिक्शा की एक सवारी की घटनास्थल पर मौत हो गई है और ई रिक्शा चालक गंभीर घायल है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ई रिक्शा चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक सवारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के छोकड़ियांन पुरवा निवासी शिव बाबू पुत्र रामशरण ई रिक्शा लेकर सवारी ढोते हैं सोमवार को भी वह ई रिक्शा में सवारी भरकर सरसवा की ओर जा रहे थे जैसे ही ई रिक्शा टेवा के भारतीय स्टेट बैंक के पास पहुंचा कि चार पहिया वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिया है हादसे में ई-रिक्शा में बैठी सवारी लल्लू लोद पुत्र मुन्नू लाल लोध निवासी उदहींन बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई है और चालक शिव बाबू घायल हो गया हादसे की जानकारी मिलते ही



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

### सड़क हादसे का शिकार हुआ पैदल जा रहा युवक, इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग अटसरई ग्राम सभा मोड़ पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिससे वह लहूलुहान हो गया है मौके पर ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक चंद्रभान पुत्र छेद्दु निवासी सोंधियामई रघुनाथपुर पैदल सैनी की तरफ जा रहे थे अटसरई के पास युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया टक्कर से युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया है मौके पर रहे राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस चालक ने घायल युवक को कड़ा के इस्माईल पुर सीएचसी में भर्ती कराया है सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जानकारी के मुताबिक इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है युवक की मौत होते ही रिश्तेदार परिवार के बीच कोहराम मच गया है।

## सनातन और भारत माता एक दूसरे के पर्याय : शिव प्रताप शुक्ला



उपस्थित लोगों को संबोधित करते राज्यसभा सांसद

**राष्ट्र के पुनःनिर्माण में सनातन धर्म की भूमिका पर भरवारी में संगोष्ठी आयोजित**

**कौशम्बी।** भारत माता के रग रग में सनातन बसा हुआ है और यही सनातन भारत माता का स्वरूप है। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सनातन और भारत माता एक दूसरे के पर्याय हैं। उक्त बातें राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला ने भरवारी कस्बे में राष्ट्र के पुनर्निर्माण में सनातन धर्म की भूमिका नामक एक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सनातन एक वृहद स्वरूप है जिसमें विभिन्न वर्ग पंत और समुदाय समाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कभी भी छुआछूत जात पात नहीं रहा है। जाति नामक बीमारी सनातन धर्म में भारत में मुगलों के आने के बाद आई है। जब काम के नाम पर बैठे वर्ग अपने आप को मुस्लिम आक्रांताओं के हमलों से अपने परिवार व महिलाओं धन को बचाने के लिए जाति के नाम पर एकजुट हो गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सनातन वेदों से चलता है और वेद में कहीं भी जातियों का उल्लेख नहीं उन्होंने कहा कि हमें फिर से सनातन को मजबूत करने के लिए वेदों की ओर चलना होगा और जाति प्रथा को पूरी तरह से खत्म करना होगा। इस मौके पर परिचर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आज पूरा विश्व सनातन धर्म के रीतियो और विचारों को आत्मसात कर रहा है। पूरे विश्व में सनातन धर्म के द्वारा प्रतिपादित किए गए नियमों और सिद्धांतों को विज्ञान की कसौटी में कैसा गया जिसमें वह पूरी तरह से खरा उतरा यही कारण है आज पूरे विश्व के लोग सनातन धर्म को बहुत ही आशा और सम्मान की दृष्टि से देख रहे हैं।इस मौके पर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी लल्ली महाराज अनीता त्रिपाठी लाल बहादुर शीतला प्रसाद पटेल पूर्व विधायक जय चंद्र मिश्र, चक्रेश मिश्रा, वेद प्रकाश पाण्डेय, बबलू गर्ग, सुनील मिश्रा रमेश चंद्र द्विवेदी बैध अवधेश नारायण शुक्ला, सुनील तिवारी सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने की ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**विद्यालयों में शुद्ध पेयजल बालक-बालिका शौचालय एवं शौचालयों में पानी की समुचित व्यवस्था कराए उपलब्ध**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम ऑपरेशन कायाकल्प, प्रेरणा प्रणाली एवं सपोर्टिव सुपरविजन आदि की प्रगति की समीक्षा की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर जिन विद्यालयों में शुद्ध पेयजल बालक-बालिका शौचालय एवं शौचालयों में पानी की समुचित व्यवस्था अभी तक नहीं हो पायी है, उन सभी विद्यालयों में 15 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण करा लिया जाय उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक नियमित रूप से कराया जाय तथा जिला एवं ब्लॉक टॉस्क फोर्स के सदस्यों द्वारा मानक के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी तथा उपस्थित अधिकारी

सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि अध्यापकों की छुट्टियों के आवेदन का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय उन्होंने कहा कि शेष रह गये बच्चों का भी आधार फीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा विद्युत पोल विद्यालय से दूर होने के कारण जिन विद्यालयों में विद्युत संयोजन का कार्य नहीं हो पाया है, शीघ्र ही इस्टीमेट बनाकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाय ताकि विद्युत संयोजन का कार्य शीघ्रता से कराया जा सकें बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि 55 विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षाधिकारियों को खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से शीघ्र ही चहारदीवारी का कार्य कराने के निर्देश दिये बैठक में बताया गया कि शासन से कुल 2 लाख 24 हजार 401 नामांकन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से 2 लाख 12 हजार 723 नामांकन कराया जा चुका है, लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेंगा। बैठक में बताया गया कि शासन के निदेर्शानुसार अधिकारियों को कुल-82 विभिन्न विद्यालय गोद दिये गये हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर दिया जाय कि वे शीघ्र ही अपने-अपने विद्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायें बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अंधाधुंध बिजली की कटौती से उपभोक्ता परेशान

**रविवार की शाम आंधी के बाद बदहाल हुई विद्युत व्यवस्था 20 घंटे बाद नहीं हुआ सुधार**



**इमामगंज कौशाम्बी।** विद्युत विभाग के अधिकारी योगी सरकार के व्यवस्था में किरकिरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं विद्युत कार्यालय चायल क्षेत्र के सैता पावर हाउस इलाके में अवर अभियंता सहायक अभियंता की लापरवाही प्रतिदिन सामने आ रही है इलाके में रोस्टर से विद्युत सप्लाई नहीं दी जाती है फाल्ट ठीक करने के नाम पर बार-बार विद्युत ट्रिपिंग की जाती है जिससे आम जनता आजिज आ चुकी है विद्युत चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का जमकर शोषण होता है जांच के दौरान झूठे आरोप लगाकर मुकदमे दर्ज कराए जाने की धमकी देकर उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली हो रही है जिससे इलाके की जनता विद्युत विभाग के कारनामे से परेशान हो चुकी है विभाग के अधिकारी भी बेईमान अवर अभियंता और सहायक अभियंता के कारनामों को संज्ञान लेकर कार्रवाई करते नहीं दिख रहे हैं। मूरतगंज क्षेत्र में रविवार की शाम आंधी के बाद विद्युत तार टूट गई है लेकिन विभाग के अधिकारी इलाहाबाद शहर के आलीशान बंगले में एसी रूम में आराम फरमा रहे हैं आम जनता विद्युत कटौती से जूझ रही है विभाग में शिकायतों के निस्तारण के लिए मोबाइल फोन का जवाब देने वाला कोई अधिकारी मौजूद नहीं है आंधी में तार टूट जाने के बाद 20 घंटे बीत चुके हैं लेकिन अभी तक टूटी हुई विधुत तार को ठीक करने विद्युत अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं सब स्टेशन विद्युत टाटा पावर हाउस में अवर अभियंता और सहायक अभियंता की घोर लापरवाही उजागर हो रही है 15 दिन पूर्व हाई वोल्टेज 11000 की तार टूट कर गिर चुकी थी जिसे सही से जोड़ा नहीं गया था जिससे फिर वह टूट कर गिर गयी।लेकिन अभी तक काफी समय बीत जाने के बाद भी हाई वोल्टेज विद्युत तार को जोड़ा नहीं गया है।

## न्यूज झरोखा


### निर्माण कर रहे व्यक्ति को दबंगो ने लाठी डंडे से की पिटाई

**एसडीएम के निर्देश पर चौकी इंचार्ज ने शुरू कराया निर्माण दबंगों ने गिरा दिया**



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के धरमुहापुर सेलराहा में हरीश चंद्र पुत्र बच्चू लाल आबादी की जमीन पर मकान का निर्माण करा रहा था एसडीएम सिराथू और चौकी इंचार्ज के निर्देश पर हरिश्चंद्र ने आबादी की जमीन पर निर्माण शुरू कराया था लेकिन गांव के दबंग कमलेश पटेल सुरेश पटेल व उनके परिवार के अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य में व्यवधान डाला है 2 दिन में उठाई गई दीवार को ट्रैक्टर से ठोकर मार कर दबंगों ने गिरा दिया है विरोध करने पर हरिश्चंद्र को लाठी डंडे से पीटा गया है पीड़ित का कहना है कि चौकी इंचार्ज की सहमत से वह जमीन पर मकान का निर्माण करा रहा था हमले में घायल हरिश्चंद्र ने मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### युवक पर लाठी-डंडे से पड़ोसियों ने किया हमला



**चरवा कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव में पड़ोसियों ने एक युवक पर लाठी डंडा से हमला कर दिया जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को पीड़ित परिजनों ने दिया है। जानकारी के मुताबिक 19 जून को रामप्रसाद पुत्र रामदास निवासी उजिहिनी खालसा कछार में काम करने चला गया और उसका लड़का कुलदीप घर पर था तभी पड़ोस के ही सौरव यादव पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा कुलदीप ने विरोध किया तो सौरव यादव वा देवनारायण ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा लेकर कुलदीप को मारने पीटने लगे जब कुलदीप उन लोगों से छूट पाया तो दौड़ का अपने घर में घुस गया तभी उक्त लोग लाठी डंडा लेकर घर मे घुस गए और कुलदीप को लाठी डंडा से जमकर पीटा जिससे कुलदीप का सर फट गया और कुलदीप बेहोश होकर जमीन में गिर पड़ा बताया जाता है कि उसी बीच शिव बाबू पहुंच गया और ललकारा की मार डालो जो होगा देख लेंगे जब कुलदीप को कुछ देर तक नहीं होश में आया तो उक्त के पिता ने लड़के को एक स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया जब रामप्रसाद शाम को घर आया तो पड़ोस के लोगों ने बताया कि आपका लड़का हॉस्पिटल में है तो रामप्रसाद अस्पताल पहुंचा लड़के ने आपबीती बताई शाम को चौकी महगांव पहुंचे वहां कोई सुनवाई नहीं हुई जिस पर चरवा थाना में तहरीर दिया है।

### कौशांबी में भारत बंद रहा बेअसर, सुबह से ही अलर्ट मोड पर दिखी पुलिस




**कौशाम्बी।** भारत बंद का असर कौशांबी जिले के बाजारों में नहीं दिखाई पड़ा है पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बेहद चाकचौबंद है जगह-जगह पर पुलिस के जवानों की भारी फोर्स पुलिस अधीक्षक ने तैनात की है हर मार्ग पर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस जन को निर्देश दे रहे है पूरे यूपी में आज दिन भर अलर्ट रहेगा आर्मी भर्ती को लेकर भारी सतर्कता पब्लिक ट्रांसपोर्ट केंद्रों से लेकर रेलवे स्टेशन पर तैनात है पुलिस बल सामान्य दिनों की तरह बाजार में खुली है दुकाने पुलिस की सख्ती के चलते भारत बंद का असर कहीं नहीं दिखाई पड़ा।

### पेंशन पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले आवेदन करे

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जनपद कोषागार से पेंशन पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को सूचित किया है कि स्टेट हेल्थ कार्ड हेतु अपना आवेदन ऑनलाइन फीड कर हार्ड कापी कोषागार में उपलब्ध करायें जिससे डेटा का सत्यापन कर पेंशनर हेल्थ कार्ड जनरेट किया जाने की कार्यवाही ससयम किया जा सकें।

### 3 दिन बीते गायब बालक का नहीं लगा सुराग

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे से 3 दिन पूर्व गायब बालक का सुराग नहीं लग सका है परिजनों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे के भरवारी रोड पर तालाब के पीछे आरती देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह परिवार के साथ रहती है महिला मूल रूप से कशिया पश्चिम गांव की रहने वाली है और जीविकोपार्जन के लिए दोना पत्तल बना कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं महिला का मायका सैनी कोतवाली के गनपा गांव है चाकवन चौराहा के पास उसका बालक 17 जून को दिखाई पड़ा था लेकिन उसके बाद बालक गायब हो गया है साढ़े तीन वर्ष का बालक रितेश सिंह के गायब होने के बाद परिजन परेशान हो उठे हैं और मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया है कोखराज थानेदार ने बच्चे की फोटो के साथ बच्चे की खोजबीन शुरू कर दी है लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है।

## 2 किसानों की दानवीरता से ग्रामीणों को मिला रास्ता

**आजादी से लेकर आज तक रास्ता ना होने पर अधिशासी अधिकारी और थानेदार ने जमीन दान देने की किसानों से की थी पहल**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** आजादी से आज तक ग्रामीण पगडंडी के सहारे अपने आवागमन को तय करते थे कांग्रेश बसपा सपा से लेकर भाजपा की सरकार और उनके जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को रास्ता बनाए जाने की पहल नहीं की थी क्षेत्र के दो गणमान्य कमलेश गौतम और हरिओम पांडेय ने अपनी भूमि धरी जमीन रास्ते के लिए दान में दिया है 2 किसानों के जमीन दे देने से ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ता बन जाएगा दोनों किसानों को जमीन दान देने के लिए थानेदार भवानी सिंह और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने पहल की थी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा अंतर्गत पूरब शरीरा गांव में नउनतारा के गांव वासियों को आजादी से आज तक पगडंडी के रास्ते आना जाना पड़ता था ग्रामीण लगातार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से रास्ते बनाए जाने की मांग कर रहे थे लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों की इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गंभीर समस्या को देखते हुए पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी भवानी सिंह व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा सुनील कुमार सिंह द्वारा दोनों किसानों कमलेश गौतम और हरिओम पांडेय से उनके खेत से रास्ता दान में देने की अपील की जिस पर दोनों किसान रास्ते के लिए जमीन दान में देने को तैयार हो गए जिससे ग्रामीणों के रास्ते की समस्या का समाधान हो गया।

### गौवंश के भूसा खरीद के लिए ईओ ने दिया वेतन से 11 हजार की चेक

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** योगी सरकार द्वारा संचालित गौ संरक्षण केंद्र भूसे की किल्लत से जूझ रहे हैं अधिकारी भी लगातार भूसा दान में देने की अपनी किसानों से कर रहे हैं उसके बाद भी गो संरक्षण केंद्र में भूसे की किल्लत नहीं दूर हो रही है जिस पर पूरब पश्चिम शरीरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अपने वेतन से 11 हजार रुपए की चेक गोवंश के भूसे की खरीद के लिए दान दिया है अधिषासी अधिकारी की इस उदारता पर इलाके के लोगों ने उनकी सराहना की है।

### हाई वोल्टेज विद्युत तार गिरने से बालिका झुलसी

**मूरतगंज कौशाम्बी।** रविवार की देर शाम तेज आंधी के चलते हाई वोल्टेज विद्युत तार गिर गयी जिसकी चपेट में एक बालिका आ गई है विद्युत तार की चपेट में आने से बालिका झुलस गई है झुलसी बालिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है एक बार फिर विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम तेज आंधी के चलते हाई वोल्टेज विद्युत तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ी है चायल तहसील क्षेत्र के धन्नी बस स्टॉप मूरतगंज के पास 11000 की हाइबोल्टेज विधुत लाइन की तार गिर जाने से नंद लाल की 10 वर्षीय बेटी झुलस गयी गंभीर अवस्था मे बालिका को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल मूरतगंज ले जाया गया जहा बालिका की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां झुलसी बालिका का इलाज चल रहा है।

# 2 घंटे की बारिश ने खोल दिया बेईमान अफसरों का कारनामा

**भ्रष्टाचार की पोल खुलने के बाद बेईमान अफसरों के चेहरे पर नहीं दिखाई पड़ रही है शिकन, विकास में करोड़ों की रकम खर्च के बाद नरक में तब्दील नगर इससे ज्यादा क्या होगी शर्मनाक बात**




नाले का दृश्य

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चायल के नाईम मिया का पूरा वार्ड न 5 से लेकर नगर पंचायत चायल तक लगभग 800 मीटर नाला का निर्माण नगर पंचायत ने ठेकेदारों के जरिए कराया था नाला निर्माण के समय ही गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे नगर वासियों ने कई बार नाला निर्माण की गुणवत्ता पर अधिकारियों से शिकायत भी किया था लेकिन नगर वासियों की शिकायत पर बेईमान अफसर भारी पड़े और घटिया क्वालिटी का नाला निर्माण कर खजाने से रकम ठेकेदार को अवमुक्त कर दिया नगर पंचायत के बेईमान अधिकारियों ने ठेकेदारों को संरक्षण देकर नाला निर्माण करा दिया और कमीशन खोरी के अभ्यस्त हो चुके बेईमान अधिकारियों ने नाला निर्माण में कमीशन वसूल लिया 1 महीने पूर्व लाखो की लागत से बना नाला 2 घंटे की बरसात में ही नाला बेकार साबित हुआ है नाले का कीचड़ गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है सड़क पर बह रहे कीचड़ और गंदगी से नगरवासियों का निकलना मुश्किल हो गया है पहली बारिश में दो घण्टे की बरसात ने लाखो के नाला निर्माण में गुणवत्ता की पोल खोल दी है। नगर पंचायत चायल में नाले का निर्माण ढलान देकर नहीं कराया गया है ऊंचा नीचा नाले का निर्माण किया गया है जिससे नाले का पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पा रहा है नाले की साफ सफाई की व्यवस्था भी नगर पंचायत ने सुनिश्चित नहीं की है जिससे 2 घंटे के बारिश में नाला चोक हो गया है और नाले का पानी सड़कों गलियों में बहने लगा है नगर पंचायत में योजनाएं भी पारदर्शी तरीके से नहीं बनाई जाती हैं केवल सरकारी खजाने से रकम निकालकर कार्य योजना के नाम पर ठेकेदारों को सरकारी रकम अवमुक्त कर कमीशन खोरी तक पूरी नगर पंचायत की व्यवस्था सीमित है।

# साड़ी खरीद में आंगनवाड़ी निदेशक पर धांधली का आरोप

**कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने कहा नौनिहालों का निवाला छीन रहे कोटेदार, डीएम से की शिकायत**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में तैनात कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने शोषण और तमाम गंभीर अनियमितताओं की शिकायत डीएम से किया है शिकायती पत्र में कोटेदारों के द्वारा फोटीफाईड चावल का वितरण नहीं किये जाने तथा स्वयं सहायता समूहों के द्वारा दाल तेल दलिया की कटौती किए जाने की शिकायत भी की गई है इसके साथ ही कार्यकत्रियों ने विभाग द्वारा डरा धमकाकर कर्ज लेकर नए मोबाइल फोन खरीद कर पोषण ट्रैकर ऐप पर काम करने के लिए दबाव डालने तथा अवैध वसूली करने का आरोप विभाग के ऊपर लगाया ड्रेस की साड़ी खरीद में निदेशालय स्तर से बड़ी धांधली कर के लाखों की हेराफेरी के विरोध में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को



ज्ञापन सौंपती आंगनवाड़ी कार्यकत्री

संबोधित ज्ञापन दिया सोमवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष माया सिंह के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने डीएम को शिकायती पत्र और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा शिकायत पत्र में जिले में कोटेदारों के द्वारा आंगनबाड़ी के लाभार्थियों को चावल वितरण में धांधली करने की शिकायत की गई है इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह के द्वारा परियोजना कार्यालय से दाल, तेल, दलिया का उठान करने के बाद ढुलाई का भाड़ा के नाम पर कटौती किए जाने की बात कही कार्यकत्रियों का कहना है कि परियोजना स्तर पर हो रही इस गड़बड़ी में विभाग शामिल है इसके साथ ही पत्र में बताया गया है कि विभाग द्वारा अब तक जिले की किसी भी परियोजना में नए एंड्राइड मोबाइल फोन का वितरण नहीं हुआ है विभाग के द्वारा किसी भी हालत में फोन खरीद कर उसमें काम करने का दबाव डाला जा रहा है ,और ऐसा नहीं करने पर सेवा समाप्त करने की धमकी दी जा रही है कार्यकत्रियों ने ड्रेस के लिए दी जा रही साड़ी की क्वालिटी पर सवालिया निशान लगाते हुए साड़ी खरीद में भारी धांधली कर-के लाखों की हेराफेरी का आरोप लगाया है इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की गई।



रेडीमेड दुकान का उद्घाटन करते शाखा प्रबंधक

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के कर कमलों से हुआ बॉम्बे दारा गारमेंट्स का उद्घाटन

**चायल कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंधक कमलेश प्रभाकर द्वारा सोमवार को बॉम्बे दारा गारमेंट्स का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि बैंक मैनेजर कमलेश प्रभाकर को गौतमबुद्ध की प्रतिमा दे कर सम्मानित किया गया। आपको बता दे उत्तर प्रदेश ग्रामीण क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए युवा स्वरोजगार प्रदान कर रही है। जिसमे युवाओं को खास अपना स्वयं रोजगार प्राप्त करने के लिए युवाओं को वित्तपोषित कर उसे आगे बढ़ाने का मौका दे रही है इसी क्रम में उक्त गारमेंट्स का उद्घाटन किया गया है उद्घाटन समारोह में बिहारी लाल पूर्व ग्रामप्रधान,अजय कुशवाहा समाजसेवी, बृजेंद्र केसरवानी पत्रकार, राम सुचित, बबलू पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

संपादकीय

# योग योग का नारा है, भविष्य हमारा है...!

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वैसे तो देश-दुनिया में योग दिवस मनाया जाएगा लेकिन जानकारी देता चलूँ कि कर्नाटक की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले मैसूरु में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री जी 20 जून को कर्नाटक की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। वह बेंगलुरु में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद शाम में मैसूरु पहुंचेंगे। मैसूरु पैलेस में योगा दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन होना है, जिसमें प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे। अपने पाठकों को यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि सर्वप्रथम हमारे देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त महासभा में दुनियाभर में योग दिवस मनाने का आह्वान किया था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर लिया गया और महज तीन महीने के अंदर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया गया था। अगले ही साल 2015 में पहली बार विश्व योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया गया और तब से हर साल हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाते आ रहे हैं। अवगत कराना है कि वर्ष 1893 में, स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में विश्व धर्म संसद में अपने संबोधन में पश्चिमी देशों को योग का परिचय दिया था। यह भी अवगत कराना है कि भारत में पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस राजपथ पर पीएम मोदी जी के साथ 84 देशों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मनाया गया था। जिन्होंने 21 योगासन में भाग लिया और उन्हें बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने भारत के लिए दो विश्व रिकॉर्ड बनाये। पहला - दुनिया की सबसे बड़ी योग कक्षा होने के लिए जिसमें 35,985 लोग शामिल थे। दूसरा - 84 राष्ट्रीयताओं के लोगों की भागीदारी होने के लिए। यह हम सभी को गौरान्वित करता है कि योग हमारे देश की विश्व को अनूठी देन है। वास्तव में, योग एक शारीरिक , मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई मानी जाती है और आज हम इस अभ्यास से विश्व के सभी देशों को भी लाभान्वित कर रहे हैं, हम स्वयं तो इससे बरसों बरसों से लाभान्वित हो ही रहे हैं अथवा लाभान्वित होते आयें हैं। योग तो अत्यंत ही प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। योग का आदिम सूत्रधार परम योगी भगवान शिव को माना जाता हैं।हजारों साल पहले हिमालय में कंटिसारोकर झील के तट पर आदियोगी ने अपने ज्ञान को महान सात ऋषियों के साथ साझा किया था क्योंकि इतने ज्ञान को एक व्यक्ति में रखना मुश्किल था। ऋषियों ने इस शक्तिशाली योग विज्ञान को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फैलाया जिसमें एशिया, उत्तरी अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं।अब सवाल यह उठता है कि 21 जून को ही आखिर योग दिवस क्यों मनाया जाता है? तो इसके पीछे एक खास वजह है। दरअसल, 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे लोग ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के मुताबिक, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए फायदेमंद है। इसी वजह से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस साल यानी कि वर्ष 2022 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योगा फॉर ह्यूमैनिटी" है, जिसका अर्थ है "मानवता के लिए योग।" इस थीम के साथ इस बार पूरी दुनिया में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। यह भी बताता चलूँ कि वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'मानव तंदुरुस्ती और कल्याण के लिए योग।' रखी गई थी। वास्तव में, 'योग' शब्द संस्कृत भाषा से निकला है। योग हमारे शरीर का मन से मिलाप या मिलन कराता है और यह शब्द इसी का प्रतीक है। योग खासतौर पर हमारी इंद्रियों को नियंत्रित करता है। वास्तव में, योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है।

## आतंक के सहारे राष्ट्र सत्ता हथियाने के षडयंत्र

इतिहास हमेशा अपने को दोहराता है, यह बात वर्तमान में अक्षरश: सत्य सिध्द हो रही है। ऐतिहासिक ग्रन्थों में जिन संदर्भों का उल्लेख मिलता है, फिलहाल वही घटनाक्रम देखने को मिल रहा है। क्रूर प्रवृत्तियों का बाहुल्य होता जा रहा है। आतंक की दम पर कुछ भी कर गुजरने वालों की संख्या में निरन्तर इजाफा होने लगा है। तालिबान के आतंकी स्वरूप के साथ अमेरिका की रणनीति ने विश्व की शांति को विस्फोट के मुहाने पर खडा कर दिया है। क्रूरता की हदें पार करते हुए जिस गिरोह ने अफगानस्तान की सत्ता हथियाई वही तालिबान आज आतंकियों का खुला प्रेरणास्रोत बनकर अपने कृतित्वों की पुनरावृत्ति का मौन आमंत्रण दे रहा है।

पाकिस्तान के खैबर-पख्तू-नख्बा प्रान्त वाले कवायली इलाके में तहरीर-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी ने खासा आतंक मचा रखा है। पाकिस्तानी सैनिकों के सैकडों बच्चों को मौत के घाट उतार चुका, यह गिरोह, पूर्वी और दक्षिण पूर्वी इलाकों के लडाकों की दम पर जुल्म की नई इबारत लिख रहा है। वह अपने प्रभाव वाले कवायली इलाके में शरिया कानून के तहत चलने वाला अलग राष्ट्र चाहता है। इन आतंकियों के सामने पाकिस्तान ने लगभग घुटने टेक ही दिये हैं। शहबाज सरकार व्दारा मौलानाओं का 13 सदस्यीय दल इन आतंकियों को मनाने के लिए काबुल भेजा जा रहा है। अफगानस्तान की तालिबानी सरकार के गृह मंत्री सिराजउद्दीन हक्कानी पाकिस्तानी दल के साथ आतंकियों की मुलाकात में मध्यस्थता करेंगे। एक वक्त था हक्कानी की गिनती क्रूर आतंकियों में की जाती थी, आज वह अपनी ज्यादतियों की दम पर अफगानस्तान में सत्ता का मजबूत स्तम्भ बनकर अन्य आतंकियों के साथ लोकतांत्रिक सरकारों के मध्य सेतु का काम कर रहा है। यह ठीक वैसा ही है जैसा मुहम्मद गजनवी, मुहम्मद गौरी सरीखे क्रूर लुटेरों की जमात के साथ मिलकर कुछ स्थानीय गिरोहों ने कभी हिन्दुस्तान में किया था।

आतंक की दम पर सत्ता हथियाने तक के सफर को पूरा करने में तब भी रियासतों में बटे हिन्दुस्तान के राजाओं की आपसी फूट ने सहयोग किया था और आज देशों की आपसी खींचतान अप्रत्यक्ष में वैसा ही काम कर रही है। अफगानस्तान में तालिबानी शासन कायम होने के बाद यदि पाकिस्तान के खैबर-रख्तू-नख्वा प्रान्त में तहरीर-ए-तालिबान पाकिस्तान की सत्ता स्थापित होती है तो सत्य मानिये कि दुनिया में क्रूरता के परचम तले मानवीयता के सूत्रों को कुचलते दे नहीं लगेगी। कट्टरवादियों की बढती जनसंख्या वाले देशों भी ऐसे ही प्रयोग किये जायेंगे। दीन, दुनिया और ईमान की दुहाई देने वाले आज खुदा की तालीम को मनमानी व्याख्याओं के जरिये जुल्म की किताबें लिखने में लग गये हैं।

# अग्निपथ योजना: दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी योजना

**मृत्युंजय दीक्षित**

रक्षा मंत्रालय द्वारा अग्निपथ योजना की घोषणा के साथ ही बिहार सहित देश के कई राज्यों में इस योजना का हिंसक विरोध प्रारम्भ हो गया जो प्रथम दृष्टया सुनियोजित और एक बड़े षड़यंत्र का हिस्सा प्रतीत हो रहा है, विगत दो तीन सप्ताह से नूपुर शर्मा के बयान को लेकर जिस प्रकार हिंसा की गयी, फिर राहुल गाँधी की प्रवर्तन निदेशालय में पेशी को लेकर कांग्रेस ने हिंसक प्रदर्शन किए वर्तमान अग्निपथ विरोधी हिंसा भी उसी पुस्तक का एक अन्य अध्याय लग रही है। भाजपा और विशेषकर मोदी विरोधी राजनैतिक दल जिस प्रकार चिड़िया उड़ का खेल खेल रहे हैं तथा छात्रों को भड़का रहे हैं वह किसी देशद्रोह से कम नहीं है।



वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत जिन अग्निवीरों की भर्ती होगी उनमें से 25 प्रतिशत तो सेना में ही आगे बढ़ जायेंगे जबकि चार वर्ष बाद वापस आने वालों के लिए अर्ध सैनिक बल, मर्चेंट नेवी, राज्य सुरक्षा बालों के साथ साथ कई सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी क्षेत्र में भिन्न भिन्न प्रकार के अवसर ही अवसर उपलब्ध होंगे । ऐसी स्थिति में आज भले ही राजनैतिक दल निहित स्वार्थवश छात्र समुदाय को भड़का लें लेकिन भविष्य में जब यह योजना धरातल पर उतर आयेगी और जनता को इसका लाभ होता दिखाई पड़ेगा तब परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल जाएँगी । अग्निपथ एक महात्वाकांक्षी योजना है जिससे हमारा देश मजबूत होगा, संकट के समय देश को अतिरिक्त सैनिक मिल सकेंगे जिस प्रकार से दूसरे देशों में होता है। आज विश्व के 30 देशों में अग्निपथ जैसी योजनाएं चल रही हैं और सभी देश उसका लाभ उठा रहे हैं। ये देश अपने रिजर्व सैनिकों के दम पर ही मजबूती के साथ खड़े है। रूस- यूक्रेन युद्ध हो या फिर इजरायल -फिलीस्तीन सभी युद्धों व संघर्षां में अग्निपथ जैसी योजना के कारण ही अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर पा रहे हैं।

> यह योजना सशस्त्र बलों, राष्ट्र, व्यक्ति विशेष और व्यापक पैमाने पर समाज के लिए बेहतर साबित होगी। बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ऊर्जावान, स्वस्थ, विविधतापूर्ण , सशक्त युवाओं व युवतियों के साथ परिवर्तनकारी विकास के द्वारा युद्ध की बेहतर तैयारी की जा सकेगी। अग्निवीर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस योजना से सशस्त्र बालों की संचालनात्मक प्रभावकरिता बढ़ेगी एक युवा छवि जोकि कम घबराहट के साथ लड़ाई के मैदान मे उतरने की दृष्टि से अधिक योग्य होता है । इसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अग्निवीर उच्चतम पेशेवर मानकों पर खरे उतरें।

अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे लोगों को आराम से बैठकर यह योजना समझनी चाहिए और युवाओं को इस योजना में भाग लेकर अपना भविष्य संवारने के लिए प्रेरित करना चाहिए। देश को यह समझना ही होगा कि सरकार यह योजना देश की सेनाओं को युवा, सशक्त, ऊर्जावान व उनको और अधिक आधुनिक बनाने के लिए लेकर आयी है। यह योजना लागू हो जाने के बाद देश के पास ऐसे सैनिक हर समय उपलब्ध रहेंगे जो आवश्यकता पड़ने पर एक संदेश मिलते ही देश की सेवा के लिए उपलब्ध हो जायेंगे।

अग्निपथ युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है क्योंकि चार वर्ष काम करने के बाद मात्र 21 वर्ष की आयु में उनके पास कौशल, अनुशासन, संयमित जीवन और ज्ञान के साथ इतना पैसा भी होगा कि वो जीवन में आगे के लक्ष्य के लिए किसी पर आश्रित नहीं होंगे। अभी तो इस आयु में या तो वो कोचिंग के चक्कर काटते हैं या कोई भी डिग्री सिर्फ इसलिए ले रहे होते हैं कि शायद इससे नौकरी मिल जाएगी। कुल अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत तो सीधे सेना में ही आगे बढ़ जायेंगे शेष के लिए देश के गृह मंत्रालय भारत सरकार, राज्य सरकार अन्यान्य घोषणाएं कर रही हैं । केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10 प्रतिशत का आरक्षण तय कर दिया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और असम ने अग्निवीरों को सेना की सेवा के उपरांत पुलिस व पुलिस के सहयोगी बलो में प्राथमिकता देने का ऐलान किया है। कोरोना के कारण दो वर्ष से सेना की भर्तियाँ बाधित थीं अतः अग्निवीर के पहले बैच के लिए अधिकतम उम्र सीमा में भी छूट मिलेगी। इतना ही नहीं चार साल बाद शारीरिक और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित अग्निवीरों को लेने की घोषणा निजी क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियों ने भी कर दी है। योजना में प्रशिक्षित और अनुशासित अग्निवीर के पास अन्य युवकों की तुलना में नौकरी पाने के लिए हमेशा एक बेहतर विकल्प होगा।

अग्निवीर 21 से 24 साल की आयु में ही लगभग 20 लाख की राशि जोड़ सकेंगे जिसमें 7- 8 लाख की बचत होगी और इसमें 12 लाख रुपए केंद्र सरकार देगी। चार साल बाद चार साल में अग्निवीरों के लिए स्नातक और डिग्री कोर्स शुरू होंगे जिनकी देश और विदेश में मान्यता होगी। जरा आप सभी लोग ध्यान लगाकर सेचिए कि 21 से 24 साल के बीच कितने लोगों के पास 12 लाख की पूंजी होती है। कितने युवा मात्र 24 साल में ही एक निश्चित जीवन यापन करने लग जाते हैं और अपने कैरियर से भी संतुष्ट हो पाते हैं?

अग्निपथ योजना आम भारतीय समाज में अभूतपूर्व बदलाव लाने में सक्षम है। सबसे महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष लाभ यह होने जा रहा है कि 10वी 12वी के युवाओं को अपने लिए उचित स्किल को पहचानने का अवसर और भारतीय सेना के अनुशासन में रमने का स्वर्णिम अवसर मिल रहा है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास व स्वाभिमान बढेगा वहीं वापस आने पर कम उम्र में उद्यमी बनने का अवसर भी प्राप्त होगा ।

वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आगामी समय में कोई भी बड़ा संकट या बड़े युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती और यही कारण है कि भारतीय सेना कम समय में प्रशिक्षित युवाओं की एक एक श्रृंखला तैयार कर रही है जो आवश्यकता पड़ने पर आन्तरिक और वाह्य शत्रुओं से मुकाबला कर सकें । इस योजना के परिणामस्वरूप, लम्बी वैश्विक उथल पुथल और खिंचते हुए युद्धों के समय में भारत की सेना के पास प्रशिक्षित व अनुशासित मानव संसाधन उपलब्ध होगा।

अग्निवीर योजना का एक उद्देश्य सशस्त्र बलों की आयु कम करके उसे युवा बनाना भी है ताकि वे जोखिम लेने की बेहतर क्षमता के साथ हर समय अपने सर्वश्रेष्ठ युद्ध कौशल से लैस रहें । यह युवा वर्ग उन्नत तकनीकी कौशलों से भी लैस होगा तथा उभरती हुई आधुनिक तकनीकों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने उन्हें अपनाने और उनका उपयोग करने हेतु समाज से युवा प्रतिभाओं को आकर्षित किया जा सकेगा। आज बहुत से युवा ऐसे भी हैं जो थोड़े समय के लिए राष्ट्र की सेवा करने के इच्छुक रहते हैं तथा सेना की कार्यप्रणाली को जानना चाहते हैं ऐसे युवाओं को भी नये अवसर प्राप्त होंगे।

यह योजना सशस्त्र बलों, राष्ट्र, व्यक्ति विशेष और व्यापक पैमाने पर समाज के लिए बेहतर साबित होगी। बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ऊर्जावान, स्वस्थ, विविधतापूर्ण , सशक्त युवाओं व युवतियों के साथ परिवर्तनकारी विकास के द्वारा युद्ध की बेहतर तैयारी की जा सकेगी। अग्निवीर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस योजना से सशस्त्र बालों की संचालनात्मक प्रभावकरिता बढ़ेगी एक युवा छवि जोकि कम घबराहट के साथ लड़ाई के मैदान मे उतरने की दृष्टि से अधिक योग्य होता है । इसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अग्निवीर उच्चतम पेशेवर मानकों पर खरे उतरें।

इस योजना का उद्देश्य राष्ट्र के व्यापक प्रतिभा वाले मानव संसाधन भंडार का दोहन करना और सशस्त्र बलों में कैरियर के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का चयन करना है। इस योजना की शुरूआत के साथ सशस्त्र बलों में चयन के वर्तमान प्रारूप को नहीं बदला जा रहा है। बदलाव केवल सेवा के नियम और शर्तों के साथ किया जा रहा है।

युवाओ को इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना को लेकर वह देशविरोधी ताकतों के बहकावे में नहीं आना चाहिए। इससे न कोई बेरोजगारी बढ़ेगी और ना कुछ और होगा। इस प्रकार की योजना इजराइल मे भी लागू है और जापान में भी । सबसे बड़ी बात यह है कि आज इजराइल जैसा एक छोटा सा देश जो चारों ओर शत्रुओं से घिरा रहता है आज पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत है तथा वहां पर बेरोजगारी भी नहीं है। हम लोग इजराइल, जापान और अमेरिका की बात तो करते हैं लेकिन अपने देश में इन देशों की अच्छाईयों को लागू नहीं कर पाते।

# मस्तिष्क और मन को निरोग रखता है योग

**(विश्वयोग दिवस 21 जून पर विशेष)**
**प्रभुनाथ शुक्ल**

योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। 21 जून यानी की आज विश्व योग दिवस है। पहली बार यह 2015 को मनाया गया। यह भारत के प्रयास से ही सफल हो सका है। पूरी दुनिया आज योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं कहा है कि ह्ययोगः कर्मसु कौशलमह्य यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि ह्ययोगस्थः कुरु कर्माणिह्य इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर 2014 को इसका प्रस्ताव दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक संमृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने है। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं।

भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो। विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है।

पूरी जिंदगी असंमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भाग दौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है।

हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।

# वास्तुशास्त्र में रंगों का महत्व

**-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर**

रंग हजारों वर्षों से हमारे जीवन में अपनी जगह बनाए हुए हैं। यहाँ आजकल कृत्रिम रंगों का उपयोग जोरों पर है वहीं प्रारंभ में लोग प्राकृतिक रंगों को ही उपयोग में लाते थे। उल्लेखनीय है कि मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई में सिंधु घाटी सभ्यता की जो चीजें मिलीं उनमें ऐसे बर्तन और मूर्तियाँ भी थीं, जिन पर रंगाई की गई थी। उनमें एक लाल रंग के कपड़े का टुकड़ा भी मिला। विशेषज्ञों के अनुसार इस पर मजीठ या मजिष्ठा की जड़ से तैयार किया गया रंग चढ़ाया गया था। इसी तरह हजारों वर्षों तक मजीठ की जड़ और बक्कम वृक्ष की छाल लाल रंग का मुख्य स्रोत थी। पीला रंग और सिंदूर हल्दी से प्राप्त होता था। होली के रंग पलास आदि के फूलों से तैयार किये जाते थे। इस तरह रंगों प्राप्ति प्राकृतिक वस्तुओं से प्राप्त की जाती रही है।

वास्तु विज्ञान में ध्वनियों तथा रंगों का स्थान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। रंग और ध्वनि इस प्रकार की ऊजाएँ हैं, जिन्होंने प्रकृति और वातावरण के माध्यम से हमें घेर रखा है। शुभ रंग भाग्योदय कारक होते हैं। वास्तु विज्ञान में विभिन्न रंगों को वास्तुशास्त्र के तत्त्वों का प्रतीक माना जाता है। जैसे नीला रंग जल का, भूरा पृथ्वी का और लाल अग्नि का प्रतीक है। रंगों को पंचभूत तत्त्वों जल, अग्नि, धातु, पृथ्वी और काष्ठ से जोड़ा गया है।

वास्तु के अनुसार घर में रंगों का महत्वपूर्ण स्थान है। अतः घर के लिए सही वास्तु रंग चुनना चाहिए।

**वास्तु के अनुसार रसोई घर का रंग**

वास्तु के अनुसार दक्षिण-पूर्व दिशा रसोई घर के लिए उत्तम है, इसलिए किचन की दीवारों का रंग संतरी या लाल होना चाहिए। किचन आग का प्रतिनिधित्व करता है। लिहाजा गहरे रंग अच्छे रहेंगे। आप पीला रंग चुन सकते हैं। गहरे रंग जैसे गुलाबी प्रेम और गर्मजोशी को दशार्ते हैं जबकि भूरा रंग भी किचन के लिए ठीक है, क्योंकि यह संतुष्टि को दशार्ता है। अगर किचन कैबिनेट्स हैं तो लेमन यलो, संतरी रंग अच्छे रहेंगे क्योंकि ये ताजगी, स्वास्थ्य और सकारात्मकता को दिखाते हैं। फर्श के लिए, मोजेक, संगमरमर या सिरेमिक टाइलें चुनें। हल्के रंग - बेज, सफेद या हल्का भूरा फर्श के लिए अच्छे होते हैं। वास्तु की सिफारिशों के अनुसार, रसोई के स्लैब प्राकृतिक रूप से उपलब्ध पत्थरों में सबसे अच्छे हैं, जिनमें ग्रेनाइट या क्वाट्र्ज शामिल हैं। नारंगी, पीले और हरे रंग रसोई के काउंटरटॉप्स के लिए अच्छा काम करते हैं। किचन में रंग ज्यादा गहरा नहीं होना चाहिए। गहरे भूरे, भूरे और काले रंग से बचें। रसोई में नीले रंग से बचना चाहिए, क्योंकि नीला पानी के देवता वरुण का प्रतिनिधित्व करता है। रसोई एक ऐसा क्षेत्र है जहां आग राज करती है।

**बेडरूम का कलर-**

बेडरूम के लिए वास्तु रंगों के अनुसार, मास्टर बेडरूम दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना चाहिए और इसलिए वास्तु के अनुसार इसका रंग हल्का नीला और हरा होना चाहिए। शयनकक्ष विश्राम करने की जगह है। इसलिए, इस स्थान की सकारात्मक आभा होना महत्वपूर्ण है। वास्तु के अनुसार जगह को हल्का और आँखों को भाने वाला रखना सबसे अच्छा है और बेडरूम के लिए ऐसे ही रंग इस्तेमाल किए जाने चाहिए। वास्तु के अनुसार मास्टर बेडरूम का रंग नीले रंग के दरवाजे और फर्नीचर के साथ एक सफेद रंग का पैटर्न हो सकता है। इसके अलावा कोई भी हल्का या पेस्टल शेड बेडरूम के लिए वास्तु रंगों की तरह अच्छा काम कर सकता है। बेडरूम के लिए वास्तु रंगों के अनुसार, भारी और गहरे रंगों से बचें क्योंकि यह स्थान में उदासी की भावना ला सकता है। वास्तु के अनुसार दंपति, विशेष रूप से नवविवाहित जोड़े, के लिए बेडरूम का रंग हल्का पीला या गुलाबी होना चाहिए, क्योंकि यह बंधन मजबूत करने में मदद करता है और वास्तु के अनुसार ये बेडरूम की दीवारों के लिए सबसे अच्छे रंग हैं। जिन शादीशुदा जोड़ों की शादी के कुछ दिन बीत चुके हैं, उन जोड़ों के लिए बेडरूम का रंग हल्का हरा और नीला होता है। वास्तु के अनुसार बेडरूम के रंग के लिए बैंगनी और लाल के गहरे रंगों से बचें। यदि आपको चिंता या उच्च रक्तचाप की समस्या है, तो बेडरूम के लिए वास्तु रंगों के तौर पर भूरे और काले के गहरे रंगों से बचें।

**गेस्ट रूम/ड्राइंग रूम-**

घर में आए रिश्तेदारों के लिए गेस्ट रूम/ड्राइंग रूम उत्तर-पश्चिम दिशा में होना चाहिए। इसलिए इस दिशा में अगर गेस्ट रूम है तो उसमें सफेद रंग होना चाहिए।

**बच्चों का कमरा-**

उत्तर-पश्चिम उन बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ दिशा है, जो बड़े हो गए हैं और पढ़ाई करने के लिए बाहर जाते हैं। चूंकि उत्तर-पश्चिम दिशा पर चंद्रमा का राज है, इसलिए इस दिशा में स्थित बच्चों के कमरे में सफेद रंग कराना चाहिए।

**बाथरूम-**

उत्तर-पश्चिम दिशा बाथरूम के लिए सबसे सही है और इसमें सफेद रंग होना चाहिए। हल्के रंग जैसे सफेद, क्रीम, सुनहरा भूरा, या पेस्टल रंगों की सलाह दी जाती है। गहरे रंग न केवल बाथरूम को छोटा दिखाते हैं बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को भी आकर्षित करते हैं।

**हॉल-**

आदर्श तौर पर हॉल नॉर्थ-ईस्ट या नॉर्थ वेस्ट दिशा में होना चाहिए और इसमें पीला या सफेद रंग करवाना चाहिए। हर घर का लिविंग रूम ऊर्जा का केंद्र होता है। यह एक आरामदायक और शांत स्थान होना चाहिए। यहां सबसे उपयुक्त रंग सफेद, पीले, शांत हरे या नीले रंग के होते हैं। रंग चमकीले या झकझोरने वाले नहीं होने चाहिए। भोजन क्षेत्र वह जगह है जहाँ परिवार भोजन के लिए मिलता है। आड़ू, पीला, हल्के नारंगी और यहां तक कि नीले रंग जैसे गर्म रंग इस क्षेत्र के लिए आदर्श हैं। वास्तु के अनुसार इस क्षेत्र में ब्लैक एंड व्हाइट का प्रयोग करने से बचें।

## जॉन कैंपबेल का अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**नॉर्थ साउंड ।** सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल के अर्धशतक और जर्मेन ब्लैकवुड के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पहले ही सत्र में



बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 84 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 9 रन पर भी 3 विकेट गंवा दिए थे लेकिन कैंपबेल (नाबाद 58) और ब्लैकवुड (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 79 रन की अटूट साझेदारी करके मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 88 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिला दी। कैंपबेल ने 67 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का मारा। ब्लैकवुड ने 53 गेंद का सामना करते हुए दो चौके जड़े। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत 3 विकेट पर 49 रन से की और कैंपबेल तथा ब्लैकवुड ने सात ओवर में की जरूरी 35 रन जुटाकर टीम को जीत दिला दी। कैंपबेल ने नजमुल हुसैन शंटो पर छक्के के साथ वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाया। कैंपबेल ने इसी ओवर में चौके के साथ 63 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। बांग्लादेश की ओर से खलील अहमद ने 27 रन देकर तीनों विकेट चटकाए।

## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला टीम अर्जेंटीना से 2-3 से हारी

**रोटरडम ।** भारतीय महिला हॉकी टीम यहां एफआईएच प्रो लीग के 'डबल लेग' मुकाबले के दूसरे मैच में एक गोल की बढ़त गंवाकर ओलंपिक रजत पदक विजेता अर्जेंटीना से 2-3 से हार गयी। अर्जेंटीना ने 16 मैचों में 42 अंक की बदौलत एफआईएच प्रो लीग खिताब जीत लिया। वह दूसरे स्थान पर रही नीदरलैंड से 10 अंक आगे रही जिसके अभी दो मैच बचे हैं। भारतीय टीम 12 मैचों में 24 अंक लेकर अपने पदार्पण सत्र में तीसरे स्थान पर बरकरार रही। पहले मैच में भारतीयों ने शानदार प्रदर्शन कर निर्धारित समय में 3-3 की बराबरी के बाद हुए शूटआउट में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर उलटफेर किया। इस जीत से भारतीय महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ था और उन्होंने इसी जज्बे से खेलते हुए शुरू में ही अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति पर दबाव बना दिया। भारतीयों ने हमले करने में ही नहीं बल्कि 'बैकलाइन' में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया, कम से कम शुरूआती दो क्वार्टर में सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम के रक्षण ने अर्जेंटीना के कई प्रयासों को विफल किया। दोनों टीमों ने पहले क्वार्टर में एक दूसरे को बराबरी की टक्कर दी, हालांकि गोल नहीं कर सकीं। भारत ने 23वें मिनट में बढ़त हासिल की जब जवाबी हमले पर सलीमा टेटे ने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति को चीरते हुए शॉट लगाया और यह गोलकीपर बेलेन सुकी की स्टिक से डिफ्लेक्ट होकर अंदर चला गया। 3 मिनट बाद भारतीय गोलकीपर सविता ने जुलिएटा जानकुनास के शॉट का शानदार बचाव कर अपनी टीम की बढ़त बरकरार रखी। इसके बाद अर्जेंटीना ने तीन शॉट गोल की ओर लगाए लेकिन सविता ने इन्हें अंदर नहीं जाने दिया।

## वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने माइकल होल्डिंग की बराबरी की

**सेंट जॉन्स ।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच नेअपना 249वां विकेट लेते हुए पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग के टेस्ट विकेट की बराबरी की। रोच ने एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जहां उन्होंने दोनों पारियों में कुल 7 विकेट लिए। तेज गेंदबाज अब वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में सातवें स्थान पर है। रोच से बेहतर इकॉनमी रेट की वजह से पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग छठे नंबर पर हैं। सूची में पहले स्थान पर कर्टनी एंड्रयू वॉल्श हैं, जिन्होंने कुल 519 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट खत्म होने के बाद रोच ने कहा, यह एक अच्छा अहसास है, मैं आंकड़ों का व्यक्ति हूं। दिग्गजों के साथ वहां रहने के लिए मुझे भी ब्रैकेट में रखा गया है। रोच और कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने वेस्टइंडीज के लिए शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्हें एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बांग्लादेश पर 7 विकेट से जीत दिलाने में मदद मिली।

# प्रधानमंत्री मोदी ने शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में चेस ओलंपियाड की मशाल की शुरूआत की। उन्होंने मशाल पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को सौंपी। यह मशाल देश के 75 शहरों से होते हुए महाबलीपुरम पहुंचेगी, जहां 28 जुलाई से 44वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हो रहा है। पीएम ने कहा कि उन्हें गर्व है कि शतरंज के इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय इवेंट को उसके जन्म स्थान में आयोजित किया जा रहा है। चतुरंग के रूप में पूरी दुनिया में शतरंज भारत से फैला अब यहां से चेस ओलंपियाड की मशाल निकल रही है। पीएम ने कहा कि खेलो इंडिया के जरिए प्रतिभाओं को न सिर्फ तलाशा जा रहा है बल्कि तराशा भी जा रहा है। इन खेलों के जरिए 2024 के पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजेल्स ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर काम किया जा रहा है।

**फिडे अध्यक्ष ने दी पीएम को मशाल–** पीएम को इस दौरान फिडे अध्यक्ष अर्केडी ड्वारकोविच ने मशाल सौंपी। पीएम ने कहा कि उन्हें खुशी है कि



फिडे चेस ओलंपियाड की मशाल की शुरूआत भारत से की। यह भी खुशी की बात है कि अब जहां भी चेस ओलंपियाड होगा उसकी मशाल की शुरूआत भारत से होगी। पीएम ने समारोह में मौजूद ओलंपियाड में भारतीय टीम के सदस्य कोनेरू हंपी, दिव्या देशमुख, विदित गुजराती से कहा कि महाबलीपुरम में जमकर खेलिएगा। उनकी जीत खेल भावना की जीत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार ओलंपियाड में भारत की सबसे बड़ी टीम खेल रही है। उन्हें आशा है कि इस बार भारतीय टीम पदक केनए रिकार्ड बनाएगी।

पीएम ने कहा कि देश ने कुश्ती, मलखंब जैसे खेल शारीरिक विकास के लिए दिए तो मानसिक विकास के लिए चतुरंग जैसे खेलों का अविष्कार किया।

**टॉप्स, खेलो इंडिया चेस बोर्ड की ताकत की तरह कर रहे काम**

पीएम ने कहा कि वह शतरंज के ज्यादा जानकार नहीं हैं, लेकिन वह यह जानते हैं कि इस खेल के पीछे छिपी भावना और इसके मायने बहुत गहरे होते हैं। शतरंज में हर मोहरे की ताकत होती है। उसकी ताकत का सही इस्तेमाल किया तो वह सबसे शक्तिशाली बन जाता है। यहां तक प्यादा जो सबसे कमजोर माना जाता है वह भी सबसे ताकतवार बन सकता है। बस जरूरत है सही चाल चलने की। यही चेस बोर्ड की ताकत हमें जीवन का बड़ा संदेश देती है। सही मदद मिल जाए तो मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। खेल के क्षेत्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और खेलो इंडिया इसी सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसके नतीजे भी दिख रहे हैं।

**गांव, आदिवासी क्षेत्रों से खेलो इंडिया में तलाशी जा रही प्रतिभाएं**

देश का युवा इस वक्त शतरंज के अलावा हर खेल में आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। पहली बार सात मेडल जीते, पैरालंपिक में पहली बार 19 मेडल जीते। सात दशकों में पहली बार थॉमस कप जीता। विश्व बॉक्सिंग में स्वर्ण और दो कांस्य जीता।

नीरज ने कुछ दिन पहले ही नए राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण जीता। 2024 के पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजेल्स ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर काम हो रहा है। देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं। युवाओं में साहस और सामर्थ्य की कमी नहीं है। खेलो इंडिया इन प्रतिभाओं को खुद तलाश रहा है और तराश रहा है। गांव, आदवासी क्षेत्रों से प्रतिभाएं चयनित की गई हैं। नई शिक्षा नीति में दूसरे विषयों की तरह खेलों को प्रमुखता दी गई है। नई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोली जा रही हैं।

## कोच द्रविड़ का खुलासा, कार्तिक को 'बहुत विशेष कौशल' के लिए चुना गया था

**बेंगलुरु ।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को एक बहुत ही 'विशिष्ट कौशल' के लिए चुना गया था और सौभाग्य से यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 के दौरान किया गया था। द्रविड़ का यह बयान बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांचवें और अंतिम टी20 मैच के बाद आया है जो बारिश के कारण रद्द हो गया था। इसके साथ ही सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई।

कार्तिक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ राजकोट में खेले गए चौथे टी20 मैच में 27 गेंदों में 55 रन की पारी खेली थी। उनकी



दस्तक ने टीम इंडिया को 169 के बचाव योग्य स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। पांचवें टी20 मैच के बाद द्रविड़ ने कहा, उसे एक बहुत ही विशिष्ट कौशल के लिए चुना गया था। हमें अंतिम पांच ओवरों में उस बड़े प्रदर्शन की जरूरत थी ताकि हम एक अच्छा स्कोर कर सकें। उन्होंने और हार्दिक [पांड्या] ने हमारे लिए खूबसूरती से बल्लेबाजी की; वे दोनों अंत में हमारे प्रवर्तक हैं, जो उन अंतिम पांच-छह ओवरों को भुनाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, वे शायद आखिरी पांच-छह ओवरों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से दो हैं। इसलिए हां, कार्तिक को उतरते हुए और जो करने के लिए उसे चुना गया है, उसे देखकर वास्तव में अच्छा लगा। यह निश्चित रूप से आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक विकल्प खोलता है। इस तरह की पारी निश्चित रूप से आपको शुरू करती है।

## वर्ल्ड नम्बर 1 मेदवेदेव को हराकर हर्काज ने जीता हाले ओपन का खिताब



**हाले।** ह्यूबर्ट हर्काज ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता और फिर से विंबलडन के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। अपनी तीखी सर्विस के लिए मशहूर पोलैंड के इस खिलाड़ी ने मेदवेदेव को केवल 64 मिनट में 6-1, 6-4 से हराकर अपना पहला ग्रासकोर्ट खिताब हासिल किया।

पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले हर्काज फिर से फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाले में खिताब की राह में गत चैंपियन यूगो हम्बर्ट, यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फेलिक्स ऑगर अलियासिम और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को भी हराया। एटीपी टूर के अनुसार हर्काज् ओपन युग में अपने पहले पांच एकल फाइनल जीतने वाले सात पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

## सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म होने के बाद बोले पंत, हम सही रास्ते पर जा रहे हैं

**बेंगलुरु ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत के कप्तान ऋषभ पंत ने सीरीज के 2-2 पर समाप्त होने के बाद पुष्टि की कि टीम शुरुआती हार के बावजूद सही रास्ते पर जा रही है, और कहा कि सीरीज में 0-2 के बाद महमान टीम को कड़ी टक्कर देने के लिए खिलाड़ियों ने चरित्र दिखाया।

पंत ने कहा, यह थोड़ा निराशाजनक हो सकता है, लेकिन बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं, खासकर जिस तरह से पूरी टीम ने 0-2 से श्रृंखला के बाद चरित्र दिखाया। हम मैच जीतने के विभिन्न तरीकों को खोजने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, गलतियां होंगी, लेकिन हम सही रास्ते पर जा रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पहली बार है जब मैंने एक ही समय में इतने सारे टॉस गंवाए हैं, लेकिन यह मेरे नियंत्रण में नहीं है, इसलिए मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं।

पंत पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट के लिए अपने साथियों के साथ



इंग्लैंड जाएंगे। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि वह अब पूरी तरह से आगामी खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे ताकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को खेल और सीरीज जीतने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा, टीम के नजरिए से अब यह इंग्लैंड में आखिरी टेस्ट मैच जीतने के बारे में है और व्यक्तिगत दृष्टिकोण से मैं अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए और अधिक योगदान देना चाहता हूं।

प्लेयर ऑफ द सीरीज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि एक वरिष्ठ समर्थक के रूप में उनकी भूमिका में अब युवाओं की मदद करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि जब आपको मैन ऑफ द सीरीज मिलता है, तो यह हमेशा गर्व का क्षण होता है और टी20 में एक गेंदबाज के रूप में, यह और भी बेहतर होता है। मैं हमेशा मजबूत होने पर ध्यान केंद्रित करता हूं, चाहे वह मेरी गेंदबाजी हो या मेरी फिटनेस। मैं वर्षों से खेल रहा हूं। अब मेरी भूमिका हमेशा वही रही है।

पावरप्ले में दो गेंदें, अंत में दो गेंदें। ये चीजें हमेशा समान होती हैं, लेकिन एक सीनियर के रूप में मैं हमेशा युवाओं की मदद करने के बारे में सोचता हूं। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि कप्तान ने मुझे पूरा सहयोग दिया और कहा कि वो करो जो आप चाहते हैं।

## माटियो बेरेटिनी ने क्वींस खिताब बरकरार रखा, विम्बलडन के लिए तैयार



**लंदन ।** इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त माटियो बेरेटिनी ने फाइनल में फिलिप क्रोजीनोविच को हराकर ग्रास कोर्ट क्वींस क्लब खिताब बरकरार रखा। इससे वह विम्बलडन के लिए अच्छी तरह तैयार दिख रहे है जो 27 जून से शुरू हो रहा है। उन्होंने क्रोजीनोविच पर फाइनल में 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। वह इस तरह क्वींस क्लब में कई बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ी लेटिन हेविट, एंडी रॉडिक, एंडी मरे, मारिन सिलिच और फेलिसियानो लोपेज की सूची में शामिल हो गए।

## भारत ने एशियाई ट्रैक साइकिलिंग के दूसरे दिन 8 पदक जीते

**नई दिल्ली ।** मेजबान भारत ने यहां एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते। भारत ने 41वीं सीनियर, 28वीं जूनियर एशियाई ट्रैक एवं 10वीं पैरा ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में अब तक 18 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 12 वर्ग में अंतिम दौर के मुकाबले हुए जिसमें चार मुकाबले पैरा साइकिलिंग स्पर्धा में हुए। भारत ने पैरा साइकिलिंग में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि सीनियर और जूनियर खिलाडि़यों ने क्रमश– दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। ट्रैक साइकिलिस्ट मयूर लुटे ने 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह मयूरी का दो दिन में दूसरा कांस्य पदक और सीनियर वर्ग की स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। मूयरी ने टाइम



ट्रायल में 36.481 सेकेंड का समय लिया और 49.340 किमी प्रतिघंटा की गति हासिल की।

भारत ने दिन का पहला पदक महिला जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत परसुइट में पूजा डेनोल के कांस्य पदक के रूप में जीता। पूजा ने दो मिनट 31.277 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दौरान दो मिनट 37.410 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। महिला जूनियर वर्ग में नीरज कुमार 2000 मीटर रेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक की दौड़ में कजाखस्तान के मैक्सिम ट्रास्किन से पिछड़ गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

सीनियर पुरुष व्यक्तिगत परसुइट वर्ग विश्वजीत सिंह ने चार किमी रेस में नौ मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता। विश्वजीत ने मलेशिया के कियात चुन लिम को पछाड़ा जिन्होंने 10 मिनट का समय लिया। इक्कीस के भारतीय ट्रैक साइकिलिस्ट इसो एल्बेन ने हालांकि दिल तोड़ दिया और वह पुरुष एलीट स्पर्धा में पदक जीतने में नाकाम रहे। भारत की एक अन्य स्टार मीनाक्षी ने भी निराश किया और महिला एलीट वर्ग के व्यक्तिगत परसुइट वर्ग में तीन मिनट 50.223 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

## हमने 8 महीनों में 6 कप्तानों की योजना नहीं बनाई थी, हमने कई 'कप्तान' बनाए : द्रविड़

**बेंगलुरू।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि उन्होंने आठ महीनों में क्रिकेट के सभी प्रारूपों में छह कप्तानों की योजना नहीं बनायी थी लेकिन इससे ग्रुप के अंदर ज्यादा 'कप्तान' तैयार करने का मौका मिला। द्रविड़ ने टी-20 विश्व कप के बाद नवंबर में टीम की कोचिंग की कमान संभाली थी। इसके बाद से कोविड-19 संबधित 'बबल ब्रेक' और चोटों के कारण दिये गये ब्रेक के कारण राष्ट्रीय कप्तान के तौर पर विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या (आयरलैंड में टीम की अगुआई को तैयार) ने जिम्मेदारी संभाली।

द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से कहा कि यह चुनौतीपूर्ण भी रहा है, हमने अंतिम आठ महीनों में छह कप्तान उतारे, जो वास्तव में योजना नहीं थी। लेकिन हम जितने मैच खेल रहे



हैं, यह उसकी वजह से हुआ है। द्रविड़ ने स्वीकार किया कि ऐसा भी समय आता है जब परिस्थितियों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण मुझे कुछ लोगों के साथ काम करना पड़ा जो शानदार रहा। कई खिलाडि़यों को टीम की अगुआई का मौका मिला, हमें ग्रुप में और 'कप्तान' तैयार करने का मौका मिला। दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे श्रृंखला गंवाना निराशाजनक था इसलिए टीम हर पहलू में बेहतर होने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने कहा कि हम लगातार बेहतर करने की कोशिश करते हैं, हमने विभिन्न लोगों के साथ काफी कोशिश की। पिछले 8 महीनों में दक्षिण अफ्रीका का दौरा टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से थोड़ा निराशाजनक रहा। द्रविड़ खुश हैं कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बदौलत गेंदबाजी प्रतिभायें सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सफेद गेंद का क्रिकेट अच्छा है, इससे टीम का जज्बा झलकता है। आईपीएल के दौरान तेज गेंदबाजी प्रतिभाएं देखना शानदार था, विशेषकर कुछ गेंदबाज काफी रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। द्रविड़ ने कहा कि काफी युवाओं को अपना कौशल दिखाने का मौका मिला और काफी ने अच्छा किया जो भारतीय क्रिकेट के लिए काफी अच्छा संकेत है।

## फ्रेंजर ने 10.67 सेकंड में जीता 100 मीटर का स्वर्ण, 10.72 सेकंड के मीट रिकॉर्ड को तोड़ा

**नई दिल्ली ।** ओलंपिक में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता जमैका की शेली एन फ्रेजर प्राइस ने पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 10.67 सेकंड में पूरी करके साल के सर्वश्रेष्ठ समय की बराबरी करके स्वर्ण पदक जीता। प्राइस ने पिछले महीने कीनिया में किप कीनो क्लासिक में निकाले गए अपने ही समय की बराबरी की। उन्होंने दो बार की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और हमवतन जमैका की एलेन थॉम्पसन हेरा के पिछले साल बनाए गए 10.72 सेकंड के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ा। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने महिलाओं की तीन हजार स्टीपलचेज में आठ मिनट 56.55 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण जीता। यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय भी है। यूक्रेन की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारोस्लावा महुचिख ने भी महिलाओं की ऊंची कूद में



2.01 मीटर कूद लगाकर स्वर्ण जीता। यह वर्ष 2022 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यूक्रेन की ही इरीना गेराशचेंको और यूलिया लेवचेंको ने रजत और कांस्य पदक जीते। दक्षिण अफ्रीका के फर्राटा धावक लक्सोलो एडम्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 19.82 सेकंड में पूरी करके आसानी से सोने का तमगा जीता। डोमिनिका गणराज्य के अलेक्जेंडर ओगांडो 20.03 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## अमेरिका में फिर गोलीबारी, हमलावर ने पुलिस अधिकारी समेत कई लोगों पर दागीं गोलियां

**वाशिंगटनः** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में फिर से गोलीबारी हुई है। यहां रात हुई घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत कई लोगों को गोली मार दी गई। बताया जा रहा है कि जूनटींथ म्यूजिक कॉन्सर्ट



के दौरान यह घटना घटी। हमलावर ने म्यूजिक कॉन्सर्ट की साइट पर लोगों पर गोली चला दी। वाशिंगटन के पुलिस विभाग ने बताया कि म्यूजिक कॉन्सर्ट की साइट पर तलाशी अभियान जारी है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाशिंगटन पुलिस ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि इस घटना में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई है। वहीं एक पुलिस अधिकारी के अलावा दो अन्य लोग घायल हुए हैं। जिनका उपचार चल रहा है।

## नाटो ने कहा- दोनबास को मुक्त करा लेगा यूक्रेन, कई साल तक चलेगा युद्ध, रूस का दावा- जल्द मिलेगी बड़ी कामयाबी

**कीव।** फरवरी में यूक्रेन पर हमले के बाद माना जा रहा था कि रूस कुछ दिन में पूरे देश पर कब्जा कर लेगा, पर ऐसा नहीं हुआ। अब साढ़े तीन माह से ज्यादा वक्त बीतने के बाद नाटो ने दावा किया है कि युद्ध कई साल चल सकता है और यूक्रेन जल्द ही दोनबास को रूसी कब्जे से मुक्त करा लेगा। वहीं, रूस ने दावा किया है कि पूर्वी इलाके में विशेष सैन्य अभियान योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा है। जल्द ही बड़ी कामयाबी मिलेगी। पूरा दोनबास उसके नियंत्रण में होगा। जर्मनी के अखबार बिल्ड अम जॉनटाग ने नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टनबर्ग के हवाले से बताया कि अमेरिका व यूरोपीय देशों से मिल रहे अत्याधुनिक हथियारों की वजह से यूक्रेनी सैनिकों के हमलों में धार आई है। जल्द ही वे पूर्वी मोर्चे पर दोनबास को रूसी कब्जे से मुक्त कराने में सक्षम हो जाएंगे। स्टोल्टनबर्ग ने कहा, पूरी दुनिया और खासतौर पर यूरोप को यह बात ध्यान में रखनी होगी कि यह युद्ध में कई साल तक चल सकता है। यूक्रेन को जिताना है तो न केवल सैन्य सहायता के लिए, बल्कि बढ़ती ऊर्जा और खाद्य कीमतों के मोर्चे पर भी मदद करनी होगी।

**ब्रिटेन लंबी मदद देगा, यूक्रेनी थकें नहीं**

कीव गए ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा था कि ब्रिटेन समझता है कि यूक्रेन को लंबे समय तक समर्थन की जरूरत है। उन्होंने यूक्रेन के लोगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे थकें नहीं, क्योंकि युद्ध अभी जारी है। ब्रिटेन यूक्रेन के सैनिकों प्रशिक्षण, हथियार, गोला-बारूद तेजी से देगा।

**सेवेरोदोनेस्क पर कब्जे की रस्साकशी**

वाशिंगटन स्थित एक थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार के विश्लेषकों ने आशंका जाहिर की है कि रूसी सेना आने वाले दिनों में सेवेरस्कइ नदी के किनारे बसे सेवेरोदोनेस्क पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लेगी। हालांकि, इसके लिए रूस को बहुत छोटे से क्षेत्र के पूरी ताकत झोंकनी पड़ेगी।

**जमीन का एक-एक टुकड़ा वापस लेकर रहेंगे**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की ने दक्षिण में मायकोलाइव क्षेत्र सहित कई मोर्चों का दौरा कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यकीनन जीत यूक्रेन की होगी। उन्होंने कहा कि दक्षिणी क्षेत्र के पूर्व में रूसी सेना ने जितने इलाकों पर कब्जा कर रखा है, उन्हें यूक्रेन फिर से हासिल करके ही दम लेगा।

## नाइजीरिया में दो गिरजाघरों पर हमला, 3 लोगों की मौत

**नाइजीरिया।** पश्चिमोत्तर नाइजीरिया में दो गिरजाघरों पर बंदूकधारियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुछ ही सप्ताह पहले इस पश्चिम अफ्रीकी देश में हुए इसी प्रकार के हमले में 40 लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कादुना राज्य के काजुरु में हुए हमले में चार गांवों को निशाना बनाया गया, लोगों का अपहरण किया गया और कई घरों को नष्ट किया गया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कादुना में गिरजाघर पर हमले के पीछे किसके हाथ था। प्रत्यक्षदर्शी उस्मान दानलाडी ने बताया कि लोग रविवार सुबह कादुना के रुबु समुदाय के मरानथा बैपटिस्ट चर्च और सेंट मूसेस कैथोलिक चर्च में प्रार्थना कर रहे थे।

# अमेरिका में गन कल्चर हावी ! सबसे अधिक महिला खरीदार, पिछले साल बिके 4 करोड़ हथियार

**वाशिंगटनः** अमेरिका में गोलीबारी की बढ़ती घटनाओं का मुख्य कारण गन कल्चर को माना जा रहा है। अमेरिका में गन कंपनियों ने पिछले बीस सालों में अपने बाजार की बारीकी से छानबीन की है। यहां आत्मरक्षा, स्वाभिमान, मर्दानगी और डर की भावनाओं को मुद्दा बनाकर गन बेची रहा है। फायर आर्म्स इंडस्ट्री हथियारों की बिक्री बढ़ाने के लिए सालों की रिसर्च के आधार पर आबादी के खास समूहों पर फोकस करती है। साल 2000 में देश में 85 लाख फायर आर्म्स बिके थे। यह संख्या पिछले साल 3 करोड़ 89 लाख रही। सबसे अधिक गन खरीदने वाली रेस में महिलाएं सबसे आगे हैं। गन निर्माताओं, वकीलों और जनप्रतिनिधियों ने अमेरिकियों के बहुत बड़े वर्ग को भरोसा दिलाया है कि उनके पास एक गन होना चाहिए।

**महिलाओं को प्रभावित करने के लिए विज्ञापन**

महिलाओं को प्रभावित करने के लिए लंबे समय से अभियान चलाए जा रहे हैं। 1996 में लेडीज होम जर्नल पत्रिका में एक विज्ञापन में किचन की टेबल पर एक बेरेटा हैंडगन दिखाई गई। साथ में स्लोगन था-होम ओनर्स इंश्योरेंस। 1960 से 1990 के बीच अधिकतर विज्ञापन शिकार के लिए गन के उपयोग पर केंद्रित थे। साल 2000 से आत्मरक्षा के लिए हथियार बंद होने पर जोर दिया जाने लगा है। 2019 में शिकार से संबंधित विज्ञापन केवल 10त्न रह गए थे। इस बदलाव के साथ सेमीऑटोमैटिक हैंडगन और एआर-15 राइफलों की बिक्री बढ़ गई। इन हथियारों का इस्तेमाल पुलिस एजेंसियां और सेना करती थी।

**'असली मर्द बनें' नारे का प्रचार**

2020 में रंगभेद विरोधी प्रदर्शन के दौरान रिटेनहाउस ने 2 लोगों की हत्या कर दी थी। पिछले



साल नवंबर में कोर्ट ने बरी किया था। कुछ घंटे बाद फ्लोरिडा के एक गन डीलर ने असाल्ट राइफल लहराते व्यक्ति की इमेज का इस नारे के साथ प्रचार किया कि-मर्दों के बीच असली मर्द बनें। हालांकि, जब रिटेनहाउस ने 2 लोगों की हत्या की थी, उस समय वह 17 साल का था। पिछले माह ह्यूस्टन में नेशनल राइफल एसोसिएशन के सम्मेलन में एक गन निर्माता ने एआर-15 स्टाइल की गन को बीआरओ-टायरेंट (जालिम) और बीआरओ प्रिडेटर (शिकारी) नाम से पेश किया। दर्जनों अन्य निर्माताओं, डीलरों ने इसी तरह का प्रचार किया। बार-बार सामूहिक गोलीबारी की घटनाओं ने इंडस्ट्री और उसके सहयोगियों के लिए अवसर पैदा किए हैं। 2012 में सेंडीहुक स्कूल हत्याकांड के बाद बंदूकों की बिक्री बहुत ज्यादा तेजी से बढ़ी है।

**अश्वेत और महिला ग्राहकों की संख्या बहुत बढ़ी**

गन इंडस्ट्री ने 2016 से अपने खरीदारों का रिकॉर्ड अच्छे से तैयार किया है। पिछले साल एक स्टडी में पाया गया कि आमतौर पर गन रखने वाले ज्यादातर लोग 40 वर्ष की आयु के गोरे पुरुष थे। उनकी प्रायोरिटी हैंडगन थी। मार्केटिंग एजेंसी कंसील्ड कैरी एसोसिएशन के चीफ तिमोथी का कहना है, गन खरीदने वाले नए लोगों में उपनगरीय और ग्रामीण इलाकों में रहने वाला वर्ग जुड़ गया है। ऐसा नहीं है कि केवल गोरे पुरुष गनों के खरीदार हैं। अश्वेत और महिला ग्राहकों की संख्या बहुत बढ़ी है।

**चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार करते हैं गन कल्चर को प्रमाट**

रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार नेशनल राइफल एसोसिएशन का समर्थन जुटाने की कोशिश करते हैं। रिपब्लिकन पार्टी ने गनों के पक्ष में जमकर अभियान चलाया है। दक्षिण केरोलिना से संसद का चुनाव लड़ने वाली क्रिस्टीना जेफ्री को उनके एक विज्ञापन में एके-47 राइफल के साथ दिखाया गया था। मिसौरी राज्य के गवर्नर पद के चुनाव में रिपब्लिकन एरिक ग्रीटेंस एक मशीन गन लगे वाहन पर सवार होकर ओबामा की डेमोक्रेट मशीन से लड़ने का शपथ लेते हैं। 2018 में जार्जिया गवर्नर चुनाव में ब्रायन केम्प को फायर आर्म्स से भरे कमरे में दिखाया गया था।

## पाकिस्तान के वजीरिस्तान में कार पर अंधाधुंध फायरिंग, 4 सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौत

**पेशावरः** पाकिस्तान के उत्तरी वाजिरिस्तान में एक कार पर अंधाधुंध फायरिंग से एक संगठन के चार सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। मृतक कार्यकर्ता यूथ आफ वजीरिस्तान नामक संगठन से जुड़े हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक अज्ञात बंदूकधारियों ने कार पर गोलीबारी की जिससे एक सामाजिक संगठन के चार सदस्यों की मौत हो गई। जिला पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि मिराली तहसील के हैदरखेल इलाके में दो मोटरसाइकिलों पर अज्ञात लोगों ने चलती कार पर अंधाधुंध फायरिंग की थी।

सभी मृतक कार्यकर्ता सामाजिक संगठन यूथ आफ वजीरिस्तान के सदस्य थे। इन सभी की पहचान वकार अहमद डावर, सुनैद अहमद डावर, आमद डावर और असदुल्ला के रूप में हुई है। शवों को मिराली शहर के एक अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। जर्ब-ए-अज्ब सैन्य अभियान



के बाद गठित युवा संगठन ने आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र में शांति बहाली के लिए काम किया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, संगठन ने लक्षित हत्याओं के खिलाफ विरोध और धरना भी दिया है। करीब दो साल पहले सुरक्षा एजेंसियों ने यूथ आफ वजीरिस्तान द्वारा आयोजित धरना के खिलाफ कार्रवाई की और इसके संस्थापक अध्यक्ष नूर इस्लाम डावर को गिरफ्तार कर लिया। हाल ही में, पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रूप से उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मिराली कस्बे में एक और मामला दर्ज किया गया है, जहां एक बाजार से अगवा किए गए दो लोगों के गोलियों से छलनी शव टोची नदी के पास पाए गए। मिराली कस्बे के निवासियों ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने खादी बाजार से दो लोगों का अपहरण कर लिया था।अभी तक किसी भी समूह ने इस हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है।

मृतक लक्की मारवात जिले का रहने वाला था। घटना रविवार की है जब दक्षिण वजीरिस्तान में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक घटना खैसूर गांव की है, जहां बंदूकधारियों ने अब्दुर रहमान की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक रहमान की गांव में मोबाइल फोन की दुकान थी। एक अन्य घटना में जिले के शकतोई इलाके में एक अज्ञात हमलावर ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पाकिस्तानी पुलिस भी आतंकियों का मुख्य निशाना बनती जा रही है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सुरक्षा चौकी पर आतंकी हमला, 2 पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावरः** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने एक सुरक्षा जांच चौकी पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बाइक पर सवार हथियारबंद लोगों ने प्रांत के जाफराबाद जिले के कैदी शाख इलाके में तैनात पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलायीं। उन्होंने बताया कि हमले में दो



पुलिस कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। अभी तक किसी आतंकवादी या उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## पाकिस्तानी मंत्री का आरोप- विपक्ष का 'सफाया' कराकर 15 वर्ष तक राज करना चाहते थे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान 'फासीवादी योजना' के तहत इस साल के अंत तक पूरे विपक्षी नेतृत्व को अयोग्य घोषित कराकर 15 वर्ष तक शासन करना चाहते थे। मीडिया में रविवार को आई एक खबर के अनुसार, पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ मंत्री ने यह दावा किया है। ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर ने शनिवार को एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि उन्हें पहले से जानकारी थी कि खान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष व मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान



अब्बासी और अहसान इकबाल सहित पूरे विपक्षी नेतृत्व का सफाया करना चाहते थे। समाचार पत्र की खबर के अनुसार मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने यह घोषणा भी की थी कि उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामलों में तेजी लाने के लिए 100 न्यायाधीशों की सेवाएं ली जाएंगी। जब उनसे पूछा गया कि उनकी पार्टी सिर्फ डेढ़ साल के लिए देश का शासन अपने हाथ में लेने को तैयार क्यों हुई, उन्होंने कहा, 'गठबंधन केवल इसलिए बनाया गया है, क्योंकि खान की इस देश पर हमला करने की फासीवादी योजना थी।' दस्तगीर के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और पूर्व मंत्री अली हैदर जैदी ने कहा, ÷खुर्रम दस्तगीर खुले तौर पर स्वीकार कर चुके हैं कि भ्रष्टाचार के मामलों से विपक्ष को बचाने की साजिश के माध्यम से इमरान खान की संवैधानिक रूप से चुनी हुई सरकार को हटाया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ये ठग अब अर्थव्यवस्था को नष्ट कर रहे हैं।'

## पाकिस्तान की जेल से 20 भारतीय मछुआरे रिहा, पांच साल से कैद थे

**कराचीः** पाकिस्तान ने सद्भावना दिखाते हुए रविवार को 20 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। इन्हें पाकिस्तानी जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने को लेकर पिछले पांच वर्षों से कराची की एक जेल में कैद थे। इन मछुआरों को कराची के लांधी इलाके में मलीर जिला जेल में रखा गया था। वाघा सीमा पर जाने के लिए मछुआरों लाहौर भेजा गया है, जहां उन्हें भारतीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा। जेल अधीक्षक मोहम्मद इरशाद ने बताया कि मछुआरों को संघीय सरकार के आदेश पर रिहा किया गया है। उन्होंने कहा, वे पिछले पांच वर्षों से जेल में थे। इरशाद के मुताबिक, मछुआरों को जून 2018 में समुद्री सुरक्षा बल ने गिरफ्तार किया था। जेल में बंद रहने के बाद मछुआरों को ईधी ट्रस्ट को सौंपा गया। ट्रस्ट के प्रमुख फैसल ईधी ने कहा कि भारतीय मछुआरों की यात्रा का सारा खर्च उनकी संस्था उठाएगी।



## व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी में किशोर की मौत

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में यू स्ट्रीट नार्थ वेस्ट पर संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी में एक किशोर की मौत हो गई। इस गोलीबारी में पुलिस अधिकारी सहित तीन लोग घायल हैं। यह स्थान व्हाइट हाउस से करीब तीन किलोमीटर के फासले पर है।

मेट्रोपलिटन पुलिस विभाग ने गोलीबारी का जवाब दिया है। डीसी पुलिस ने बताया है कि एक किशोर की मौत हो गई है और एक पुलिस अधिकारी समेत तीन लोग घायल हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बंदूक हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर राष्ट्रपति जो बाइडन कह चुके हैं कि बच्चों और परिवारों की सुरक्षा के लिए अमेरिका को हमले के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है।

## बांग्लादेश ने दी सफाई- पद्मा ब्रिज चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश ने एक नवनिर्मित सड़क पुल पद्मा ब्रिज के निर्माण को चीन की अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना से जोड़ने वाली खबरों को खारिज करते हुए कहा कि देश के सबसे लंबे पुल के लिए सरकार ने पूर्णरूपेण वित्तपोषण किया है और इसके निर्माण में किसी भी विदेशी धन का इस्तेमाल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना 25 जून को लगभग 10 किलोमीटर लंबे 'पद्मा ब्रिज' का उद्घाटन करेंगी। इस पुल के जरिये सड़क मार्ग से बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र को राजधानी ढाका और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ा जा सकेगा।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, ''यह पुल BRI प्रोजेक्ट से संबंधित नहीं है और बांग्लादेश ने इसके (पुल के) निर्माण के लिए कोई विदेशी धन नहीं लिया है।' बेल्ट एंड रोड



इनिशिएटिव अरबों डॉलर की ऐसी परियोजना है जिसे चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा 2013 में सत्ता में आने के बाद शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को सड़क और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया पिछले हफ्ते 'बांग्लादेश-चीन सिल्क रोड फोरम' नामक एक समूह की इस घोषणा के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि 22 जून को 'पद्मा ब्रिजः बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत बांग्लादेश-चीन सहयोग का एक उदाहरण' पर एक परिचर्चा आयोजित की जाएगी। समूह द्वारा मीडिया को निमंत्रण पत्र वितरित करने के कुछ घंटे बाद, विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर पुल के बीआरआई से संबंधित होने की खबरों का खंडन किया, जिससे आयोजकों को अपनी नियोजित चर्चा एक दिन बाद के लिए टालनी पड़ी है। विदेश कार्यालय के बयान में कहा गया है, ''विदेश मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वर्ग यह दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं कि पद्मा बहु-उद्देशीय पुल का निर्माण विदेशी धन की सहायता से किया गया है और यह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक हिस्सा है।' बयान के अनुसार, पद्मा बहु-उद्देश्यीय पुल पूरी तरह से बांग्लादेश सरकार द्वारा वित्त-पोषित है और 'किसी अन्य द्विपक्षीय या बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी से किसी भी विदेशी धन' का इस्तेमाल इसमें नहीं किया गया है। इस बीच, एक चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने ढाका में पत्रकारों के एक समूह को बताया कि पुल पूरी तरह से बांग्लादेशी धन से बनाया गया है। प्रवक्ता ने यह भी कहा, ''हमें गर्व है कि एक चीनी निर्माण कंपनी पद्मा ब्रिज के निर्माण में शामिल थी।' उन्होंने कहा, ''दशकों पहले हमारी मातृ नदी (पीली नदी) पर एक पुल बनाने वाली (चीन रेलवे मेजर ब्रिज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) कंपनी ने चीन के बाहर (पद्मा के ऊपर) पहला सबसे लंबा पुल बनाया है।'

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान के वजीरिस्तान में आतंकी हमले, सात की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में हुए तीन आतंकी हमलों में सात लोगों की मौत हो गयी। एक घटना में बंदूकधारियों ने एक कार पर हमला कर चार सामाजिक कार्यकताओं की हत्या कर दी। दूसरी घटना में दो लोगों का अपहरण कर उन्हें गोलियों से भून दिया। यहीं आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें एक पाकिस्तानी सैनिक की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक आतंकवाद से प्रभावित उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मिराली तहसील के हैदरखेल इलाके में एक कार से जा रहे सामाजिक कार्यकताओं पर दो बाइकों से आये बंदूकधारियों ने गोलियां बरसा दी। हमले में चार लोगों- अहमद डावर, सुनैद अहमद डावर, आमद डावर और असदुल्ला की मौत हो गयी। ये लोग सामाजिक संगठन 'यूथ ऑफ वजीरिस्तान' से जुड़े थे।

# सीरिया में आतंकियों ने सेना की बस उड़ाई, 13 की मौत

**डमस्कस।** सीरिया में आतंकियों ने बम धमाका कर जवानों से भरी सेना की बस उड़ा दी। घटना में 11 जवानों सहित 13 लोगों की मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीरिया में आतंकवादी घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर सीरिया के रक्का इलाके में बम धमाका कर सेना के जवानों से भरी बस पर हमला किया। धमाके में बस में सवार सेना के 11 जवानों की मौत हो गयी। वहां मौजूद दो नागरिकों को भी इस धमाके की चपेट में आकर जान गंवानी पड़ी। धमाके में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई गयी है। इस कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की भी उम्मीद है।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार उत्तर सीरिया के रक्का के जबल-अल-बिशरी में यह भीषण धमाका हुआ है। सरकारी बयान में 11 जवानों सहित 13 लोगों की मौत होने की पुष्टि की गयी है। अभी किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, किन्तु माना जा रहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने इस हमले को अंजाम दिया है। सरकार मामले की जांच करा रही है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इस्लामिक स्टेट के स्लीपर सेल ने घात लगाकर यह हमला किया है। ये लोग सीरिया के रेगिस्तानी क्षेत्र में ऐसे हमले करते रहते हैं। वे हमला कर भाग जाते हैं और इस हमले में भी यही हुआ है।